हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 26 सितंबर 2025





## तीन तालाबों के मध्य विराजी मां चंडी माता, भक्तजनों में भारी उत्साह का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ की पावन भूमि में जगह-जगह जगत जननी मां अंबे विराजी हुई हैं। क्या मैदान, क्या पहाड़ सभी जगह अपने भक्तों पर कृपा बरसा रही हैं, ऐसे ही एक अद्भुत पावन स्थल ग्राम गौरमाटी सहसपुर लोहारा से पूर्व दिशा में 18 किमी की दूरी पर स्थित है। इतिहासकार सेवानिवृत्त शिक्षक आदित्य श्रीवास्तवन ने बताया कि जैसे ही मुख्य मार्ग से संकरी गली में प्रविष्ट होकर 300 मीटर दूर बस्ती के बाहर पहुंचते हैं, आपको दिव्य, अलौकिक और शांत वातावरण में तीन तालाबों के मध्य माता चंडी का भुवन दिखाई देगा जिसमें मां चंडी विराजमान हैं। यह एक प्राचीन मंदिर है, लोगों के अनुमान के अनुसार 300 वर्ष से भी ज्यादा प्राचीन मूर्ति है।



मां चंडी की इस मूर्ति की तरह ही थान खम्हरिया के निकट ग्राम करमू में शयन स्थिति में एक प्रतिमा है जिसे चंडी माता की बहन और मां करमू माता के नाम से जानते हैं। मां चंडी माता के मुखमंडल को ध्यान पूर्वक देखें तो मां की आंखों में एक अलग ही आकर्षण है, जिसे देखकर व्यक्ति अपना अस्तित्व भूल जाता है। मंदिर के सामने एकत्र ध्वंशावशेष को देखने से इसकी प्राचीनता समझ में आती है। मान्यता के अनुसार महामारी जैसे बीमारियों के दौरान माता रानी स्वयं गांव में घूमकर ग्रामीणों की सुरक्षा करती है। नवरात्र पर्व में पूरे नौ दिनभक्ति और जसगीत का माहौल रहता है। वहीं दूर दराज से भक्तजन अष्टमी के दिन माता राती के दर्शन करने श्रद्धालुगण यहां पहुंचते हैं। यहा भक्तों द्वारा जो भी मनोकामना मांगी जाती है, वो अवश्य पूरी होती है। यहा आम्र की शीतल छांव और तालाब के निर्मल जल का सानिध्य आपको नैसर्गिक आनंद से भर देगा। वहीं आकर्षक का केन्द्र बना हुआ है।

### वर्षों पहले स्वप्न देकर आई माता चंडी

संतोष कुमार पांडेय और कीर्तन शुक्ला ने बताया कि हमारे पूर्वज बताते थे कि ग्राम के बड़े दाऊ स्व. करन सिंह गहरवार को वर्षो पहले स्वप्न आया कि मैं इस जगह हूं मुझे ले जाकर अपने ग्राम में सही जगह स्थापित करो, जब उन्होंने प्रतिमा को निर्धारित जगह से लाने के लिए बैलगाड़ी लेकर गए तब वहां मां चंडी की यह दिव्य एवं मनमोहक प्रतिमा प्राप्त हुई। मूर्ति को गौरमाटी लाते वक्त कई बार गाड़ी के चक्के टूटे थे, अंततः गौरमाटी तक लाया जा सका। इस प्रतिमा को पूर्व परंपरा अनुसार तालाब के तट पर पीपल वृक्ष के नीचे श्रद्धापूर्वक रखा गया। बाद में छोटे दाऊ शिवेंद्र सिंह गहरवार ने मंच का निर्माण कराकर स्थापित किया। इसी रूप में अनेक वर्षो तक पूजा की जाती रही बाद में मंदिर का निर्माण कराया गया, आज यह भव्य रूप ले चुका है।

### सड़क पर रतजगा कर रहे यात्री, पनपा आक्रोश

## एनएच जाम: सोमनी से लेकर बायपास तक वाहनों की कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवरात्र के इस पर्व पर अपनी आस्था के तहत पदयात्रा कर डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने जा रहे पदयात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए अंजोरा से राजनांदगांव तक एनएच को वन-वे कर दिया गया है। जिसके चलते वाहन चालकों को अपना सफर एक रास्ते के जरिये ही तय करना पड़ रहा है। इस वन-वे में दो मुख्य स्थानों पर अव्यवस्था के चलते पिछले तीन दिनों से रोजाना जाम के हालात देखने को मिल रहे हैं।

स्थिति यह है कि राजनांदगांव से सोमनी का जो सफर 20 से 25 मिनट में हो जाता है। इन दिनों इसमें डेढ़ से पौने दो घंटे का वक्त लग रहा है। रोजाना इस नेशनल हाईवे से पंद्रह हजार के करीब वाहन आवागमन करते हैं। इनमें बड़ी संख्या में मालवाहक ट्रक शामिल हैं, ऐसे में जाम लगने से उन ट्रकों को सामान की सप्लाई में दोगुना समय लग रहा है। हालांकि गुरुवार की दोपहर बार पुलिस फोर्स में इजाफा किए जाने के बाद जाम की स्थिति में सुधार देखने को मिल रहा है।



### इन पाईंट में समस्या

अंजोरा से राजनांदगांव के बीच लग रहे जाम के पीछे तीन प्रमुख स्थानों में अव्यवस्था सामने आ रही है। इनमें पार्रीनाला के पास हाल ही में बनाए गए रोटरी के चलते सर्वाधिक दिक्कतें होना देखा जा रहा है। इसके अलावा सड़क पर्याप्त चौड़ी नहीं होने के कारण एक भी वाहन के खराब होने पर उसको बाहर निकालने में भी समस्या देखने को मिल रही है। वहीं सुंदरा के पास भी एक पाईंट में भी जाम लग रहा है।

### अफसरों ने किया निरीक्षण

बायपास चौक के गलत ड्राईंग डिजाईन के कारण हाईवे में लग रहे जाम से हलाकान लोग प्रशासन के खिलाफ सोशल मीडिया में काफी तीखी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। इस बीच गुरुवार को पुलिस प्रशासन के अफसरों ने एनएच के अफसरों को मौके पर तलब किया था। सूत्रों ने बताया कि एनएच के अफसरों ने प्रशासन को आश्वस्त किया है कि शीघ्र ही चौक में हुए गलत निर्माण को सुधार लिया जाएगा। इधर मनकी के समीप भी आ रही दिक्कतों को दूर करने का आश्वासन दिया गया है।

### किसी की परीक्षा छूटी, कोई देर से पहुंचा काम पर

रोजाना लग रहे घंटों के जाम की वजह से जहां रायपुर, दुर्ग जैसे शहरों का सफर करने वाले आम लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। वहीं घंटों के जाम के चलते परीक्षा देने भिलाई जाने वाले विद्यार्थियों को भी दिक्कतें आ रही है। वहीं काम पर दूसरे शहर जाने वाले लोग भी देर से काम पर पहुंच रहे हैं। बताया गया कि पुलिस पेट्रोलिंग की टीम जाम खुलवाने के लिए मेहनत कर रही है। पुलिस के कर्मचारी खराब हो रहे वाहनों को जाम से बाहर करने के साथ ही रोटरी के समीप वाहनों के क्रॉसिंग को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रहे है, जिसका सकारात्मक असर भी गुरुवार को देखने को मिला।

## पखवाड़ेभर बाद भी तहसीलदार ने नहीं दिया पुलिस को जवाब, विस अध्यक्ष से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पटवारी की आईडी चुराकर जमीन के दस्तावेजों से छेड़छाड़ करने के मामले में तहसीलदार की भी लापरवाही सामने आ रही है। मामले में पीड़ित पक्ष द्वारा कोतवाली पुलिस में शिकायत के बाद पुलिस टीम ने तहसीलदार से चार बिंदुओं पर जवाब मांगे थे, लेकिन पखवाड़ेभर बाद भी तहसीलदार ने कोतवाली पुलिस को जवाब उपलब्ध नहीं कराया है। इधर मामले की शिकायत विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से भी की गई है।

वहीं प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए भू-अभिलेख के प्रभारी डिप्टी कलेक्टर ने संचालक भू-अभिलेख को मामले में रिमांइडर लेटर भेजा है। जिसमें मामले की जानकारी देने के साथ ही इसमें आगे की कार्रवाई के लिए मार्गदर्शन मांगा गया है। संचालक से निर्देश मिलने के बाद जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जा सकती है। ज्ञात हो कि जनता कॉलोनी निवासी शैलेष जैन ने बुधवार को प्रेसवार्ता लेकर जानकारी दी थी कि उनकी मां के नाम पर दर्ज 17 हजार वर्ग फीट से अधिक जमीन को उनके निधन के बाद बिना आवेदन किए दूसरे व्यक्ति के नाम पर दर्ज कर दिया गया है।

इस बात की जानकारी मिलने के बाद जब पीड़ित पक्ष ने तहसील से लेकर पुलिस तक शिकायत दर्ज कराई तो प्रशासनिक स्तर पर भी हड़कंप मच गया। प्रशासन के एक बाबू द्वारा यह पूरा फर्जी खेल किए जाने की जानकारी सामने आ रही है, लेकिन राजनीतिक और प्रशासनिक पहुंच के चलते उसके खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। बताया गया कि पीड़ित पक्ष पिछले दो महीने से मामले की शिकायत लेकर अफसरों के चक्कर काट रहे हैं। परन्तु उनको कोई मदद नहीं मिल पाई है।

### इन बिंदुओं पर मांगा जवाब

कोतवाली पुलिस में मामले की शिकायत के बाद सच्चाई का पता लगाने के लिए थाना से एक पत्र 8 सितंबर को राजनांदगांव तहसीलदार को प्रेषित किया गया है। जिसमें चार बिंदुओं पर जवाब मांगा गया है, लेकिन पखवाड़ेभर बाद भी तहसीलदार ने जवाब नहीं उपलब्ध कराया है। ऐसे में तहसील की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

### पुलिस ने मांगे यह जवाब

- इनमें उक्त भूमि किसके नाम पर कब से दर्ज है और उससे पहले किसके नाम पर दर्ज थी।
- यदि वर्तमान में भूमि राजेंद्र जैन के नाम पर दर्ज है तो किस आधार पर उसका नाम दर्ज किया गया है।
- पटवारी आईडी 3 से 6 जनवरी के मध्य किसके द्वारा लॉग इन किया गया।
- उक्त प्रकरण के संबंध में अन्य कोई सुसंगत जानकारी मांगी गई है।

### विस अध्यक्ष से मिले पीड़ित

विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह अपने दो दिवसीय दौरे के तहत शहर में हैं। ऐसे में पीड़ित पक्ष शैलेष जैन ने गुरुवार को विस अध्यक्ष से मिलकर उन्हें मामले की शिकायत की है। बताया गया कि उन्होंने मामले से जुड़े सभी दस्तावेज भी विस अध्यक्ष को उपलब्ध करा दिए हैं। शिकायत के बाद जिम्मेदारों के खिलाफ ठोस कार्रवाई का आश्वासन भी विस अध्यक्ष ने पीड़ित पक्ष को दिया है।

### नवरात्रि विशेष



#### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम।

सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम्॥









नवरात्रि पर्व पर सजे हमारे साथ खरीदें सूरत की साड़ी सूरत के दाम पर
एक छत के नीचे पूरे परिवार के लिये खरीदें कपड़े
जिले का सबसे बड़ा शोरुम डोंगरगांव में फैमिली शॉप थोक भाव में रिटेल कपड़ा दुकान
प्रशांत होलसेल बाजार
पुराना स्टेट बैंक, फव्वारा चौक के समीप, डोंगरगांव
संपर्क सूत्र : सौरभ - 9981640064, प्रशांत - 8962960000
सभी कपड़े मार्केट रेट से 20% से 30% तक कम दाम में

## खबर संक्षेप

### निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हरीश



**डोंगरगढ़।** मंडल साहू समाज अंडी का चुनाव गत दिनों संपन्न हुआ। अध्यक्ष हरीश साहू चुने गए। चुनाव के दौरान 8 ग्राम के समाजिक जन उपस्थित थे।निर्वाचन प्रक्रिया ब्लॉक साहू समाज के संरक्षक हेमंत साहू, कुलदीप साहू, कचरूराम हिरवानी की मौजूदगी में संपन्न हुई।निर्विरोध अध्यक्ष के रूप में हरीश साहू निर्वाचित हुए।उपाध्यक्ष दीपक साहू, प्रेम साहू, संगठन सचिव इंद्रकुमार साहू, पूर्णिमा साहू, सचिव हेमंत साहू, कोषाध्यक्ष जनकराम साहू निर्वाचित हुए।

### साधकों ने किया साहित्य वितरण



**डोंगरगढ़।** संत आशाराम बापू का 61वां आत्म साक्षात्कार दिवस श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में रामकुमार देवांगन निवास में हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान आशा रामायण पाठ, भजन ,कीर्तन, सत्संग का आयोजन किया गया। अंत में प्रसादी वितरण किया गया। तत्पश्चात नीचे बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण में चना प्रसाद और सत्साहित्य का वितरण किया गया।

### छात्रों ने निकाला स्वच्छता रैली



**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत प्राचार्य आरके देवांगन के नेतृत्व में स्वच्छता रैली निकाली गई। विद्यार्थियों ने विभिन्न नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। छात्रों ने गांधी प्रतिमा के सामने फैले कचरे को एकत्र कर नष्ट किया। ग्रामीणों से यहां वहां कचरा नहीं फैलाने और डस्टबिन का उपयोग करने का आग्रह किया। रैली के आयोजन में व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, पवन सिन्हा, हेपशीबा एंथोनी, अजय पाठक, रीना बोरकर, बिन्दु पटेल, बिंदु साहू ने सहयोग दिया।

### करण खेलने जाएगा लुधियाना



**बेलगांव।** लोक शिक्षण संचनालय रायपुर ने राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है जिससे उच्चतर माध्यमिक शाला बेलगांव की कक्षा 12वीं के छात्र करण ठाकुर का नाम भी शामिल है। वह लुधियाना में होने वाली शालेय राष्ट्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। गत दिनों राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गतका के फारी सोटी टिम इवेंट में करण ठाकुर ने स्वर्ण पदक हासिल किया था। करण ठाकुर को सरपंच कौशल चंद्रवंशी, शाला समिति के अध्यक्ष योगेश साहू, छबिल साहू, नीरज शर्मा, प्राचार्य कालिंदी तिवारी आदि ने बधाई दी है। यह जानकारी तरुण वरकड़े ने दी।

### स्कूल में मनाया उपाध्याय की जयंती



**तुमड़ीबोड़।** सेवा पखवाड़ा के तहत प. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पूर्व माध्यमिक शाला सांगिनकछार में मनाया गया। कार्यक्रम में महामंत्री गणेश्वर सिन्हा, प्रभारी जितेन्द्र सिन्हा, बूथ अध्यक्ष पुरुषोत्तम यादव, सागर वर्मा, तिहारु सिन्हा, मथारु कंवर, विष्णु साहू, लोभन साहू, श्री मंडावी, साहू मेडम, भारती मेडम आदि शाामिल हुए।

### भाजपा प्रभारी से मुलाकात



**डोंगरगढ़।** पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने बिहार प्रवास के दौरान पटना में छत्तीसगढ़ के प्रभारी एवं बिहार सरकार के लोक निर्माण मंत्री नितिन नवीन एवं बिहार प्रदेश संगठन महामंत्री दर्शानिया से भेंट किया।

## निधन



### शैल वैष्णव

**डोंगरगांव।** साईं टूर एंड ट्रैवल्स की संचालिका और सेवानिवृत्त शिक्षक जितेंद्र वैष्णव की धर्मपत्नी शैल वैष्णव का स्वर्गवास गत 22 सितंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में परिजनों और सामाजिकजनों की उपस्थिति में किया गया। श्रीमती वैष्णव अपने पीछे पति जितेन्द्र वैष्णव, चार पुत्रियां ऋतु, सुषमा, नेहा, सीमा सहित भरपूरा परिवार छोड़ गई है।



### मोरध्वज दुबे

**घुमका।** गांधी चौक वार्ड 7 निवासी 91 वर्षीय सेवानिवृत प्रधान पाठक एवं ज्योतिषाचार्य मोरध्वज दुबे का 24 सितंबर को रात्रि 9 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। वह नन्द कुमार, श्याम कुमार व प्रेमनारायण के पिता थे। उनके निधन पर नगरवासियों ने शोक व्यक्त किया है।

वन विभाग की कार्रवाई से तस्करों में दहशत

# अवैध कटाई का खुलासा तीन आरोपी आए पकड़ में

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

वन विभाग की टीम ने उत्तर बोरतलाव परिक्षेत्र अंतर्गत कोलारघाट उप परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 447 के पास कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों को अवैध रूप से कटाई कर परिवहन करते पकड़ा है। वन परिक्षेत्र अधिकारी पुष्पेशचंद्र गोस्वामी ने बताया कि रात ढाई बजे विभाग की टीम ने गश्त के दौरान यह कार्रवाई की। आरोपियों में ओमप्रकाश पिता धनलाल वर्मा, नरेंद्र पिता भुवन गोंड़ और गुलाब पिता फिरंगी छेदैया तीनों निवासी अछोली शामिल है।वन विभाग के सुरक्षा श्रमिकों से सूचना मिलने के बाद टीम ने घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा। विभाग ने मौके से लकड़ी परिवहन में प्रयुक्त बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 07 एजेड 4821 को जब्त किया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री गोस्वामी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों से सागौन जब्त किया गया है।

## परिवहन में लिप्त वाहन जब्त



### कोटरी का शिकार

उल्लेखनीय है कि सप्ताह भर पूर्व इसी परिक्षेत्र में कोटरी के शिकार का मामला सामने आया था। इस मामले में चार आरोपियों को पकड़ा गया था। विभाग की कार्रवाई से अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों में भय देखा जा रहा है।

# शहर में जहां तहां लगे अवैध होर्डिंग्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



पालिका क्षेत्र में लगाए गए होर्डिंग से अवैध उगाही करने का मामला प्रकाश में आया है। शहर में लगे आधे से ज्यादा होडिंग के स्वामी पालिका में बिना टैक्स जमा किए किराए पर दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार ठेकेदार को प्रति होर्डिंग 6 हजार प्रतिमाह पालिका में जमा करना तय हुआ है किन्तु शहर में लगभग सौ होर्डिंग लगे हैं जबकि किराया आधे का भी जमा नही हो रहा है। ठेकेदार प्रति होर्डिंग किराए पर देकर सालाना 20 से 30 हजार वसूल रहे हैं।

जानकारी के अनुसार कुछ भाजपाई सरकार होने का फायदा उठाते हुए अवैध होर्डिंग लगाकर जेब गर्म करने लगे है। पालिका के अधिकारी कर्मचारी भी सांठगांठ कर लाभ उठा रहे हैं। जानकारी के अनुसार भाजपा के एक नेता ने एक साल के लिए पालिका में 6 हजार के हिसाब से दो होर्डिंग का किराया लेकर 12 हजार भेजा था लेकिन पालिका के अधिकारी ने उन्हे 20 हजार का किराया बताया और उपरी कमीशन के तौर पर उन्हे 40 हजार देने कहा।

### दुकानदारों से बेजा वसूली

जानकारी के अनुसार मेला में आए दुकानदारो से अवैध वसूली किया जा रहा है। मीनाबजार को 9 दिनो के लिए 4 से 5 लाख में देने का आरोप भी लग रहा है। बेजा वसूली की शिकायतें लगातार सामने आने के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों की चुप्पी संहेदास्पद है। इस संबंध्ध में जब सीएमओ खिलेन्द्र भोई ने संपर्क किया गया तो उन्होंने जांच के बाद ही कुछ बता पाने की बात कही।

# लोगों को आयुर्वेद के लाभ से कराया गया अवगत

**डोंगरगढ़।** स्पेस्लाइज्ड थेरेपी सेंटर डोंगरगढ़ ने मंगलवार को नेहरू स्टेडियम आयुर्वेद दिवस मनाया। इस अवसर पर द रन फॉर आयुर्वेद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चि कि त सा संबंधी संदेश आमजन तक पहुँचाया गया। कार्यक्रम में आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ शोबी खान, आयुष विभाग के पोषण वर्मा, गायत्री मिश्रा, प्रवीण मिश्रा, सुमरो मंडावी, डालेश ठाकुर, प्रियांशु, होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अलोक कलचुरी, डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर, श्री राव, राकेश अग्रवाल, गोपाल महोबिया, बबलू कक्कड़, मधु अग्रवाल, संदीप पचेरीवाला, अविनाश सोनी, सुमित सोनी, रूबल भाटिया, विकास सहारे, बनवारी अग्रवाल, भुनेश्वर वैष्णव आदि शामिल हुए।




## अर्जुनी कॉलेज भवन के लिए 4.65 करोड़ मंजूर

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय के भवन निर्माण के लिए राज्य सरकार ने राशि मंजूर कर दिया है। वर्तमान में महाविद्यालय की कक्षाएं पूर्व माध्यमिक और प्राथमिक शाला के भवन में संचालित हो रही है। कालेज में साल दर साल विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए भवन निर्माण की जरूरत महसूस होने लगी थी। जरूरत को देखते हुए उच्च शिक्षा विभाग ने भवन निर्माण के लिए चार करोड़, 65 लाख 84 हजार की मंजूरी दी है। राशि मंजूर होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सरपंच ललिता साहू, उप सरपंच नागेश धनकर, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष टामेश्वर साहू, भाजपा नेता विजय जैन, भैयालाल साहू, ओंकार सोनकर, चंद्रकला सोनकर, ललिता टांडेकर, रमेश निर्मलकर, योगेश सोनकर, ओमप्रकाश जैन, दिनेश साहू, हिरेन्द्र सोनकर, फेरुराम इंदौरिया, दुर्गेश सिन्हा, गजेन्द्र राजा साहू, संदीप साहू, चानूराम साहू आदि ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह, प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव, सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव आदि का आभार व्यक्त किया है।

# 37 विद्यार्थियों ने किया रक्तदान



**डोंगरगांव।** डॉ बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा के तहत 24 सितंबर को प्रभारी प्राचार्य डॉ. एके धमगाये के निर्देशन में एनसीसी, रेडरिबन क्लब एवं एनएसएस के तत्वावधान रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में महाविद्यालय के 37 छात्र-छात्राओं ने रक्तदान किया। आयोजन में अतिथि के रूप में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल, जनभागीदारी अध्यक्ष योगेश पटेल, गुलशन हिरवानी, गोविंदा राजपूत, एनसीसी अधिकारी जीके नेताम, रेडरिबन क्लब के प्रभारी एमएल नायक, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एआर साहू, प्रियांकी गजभिये, रेणुका ठाकुर, चंचल स्टेला कुजूर आदि शामिल हुए। भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव की डॉ. संभावी दुबे, कमलेश निषाद, ममता साहू, गितेश साहू तथा पवन साहू के सहयोग से रक्त संग्रह किया गया।

सेवा पखवाड़ा में हो रहे विविध आयोजन

# छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक से स्वच्छता की जगाया अलख



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से शुरू हुए सेवा पखवाड़ा के तहत स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में सतत विविध आयोजन किए जा रहे है। इसी क्रम में 25 सितंबर को स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में छात्र छात्राओं ने स्वच्छता की शपथ ली। सभी ने महाविद्यालय परिसर, घर, कार्य स्थल एवं आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।

तत्पश्चात रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने लोगों से स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का आव्हान किया। इस विषय पर बीए, बीकॉम तृतीय सेमेस्टर एवं बीएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। संचालन डॉ संजूसिंह ने किया।

### जमकर खेले विद्यार्थी

इसी क्रम में 24 सितंबर को सेवा पखवाड़ा अंतर्गत खेलकूद का आयोजन किया गया था। इस दौरान आयोजित कुर्सी दौड़ में प्रथम लक्ष्मी यादव, द्वितीय रेणुका निर्मलकर रही। छात्र वर्ग में गितेश लहरे प्रथम तथा मुरली साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्लो साइकिल रेस में छात्रा गीतांजलि प्रथम, रेणुका निर्मलकर द्वितीय, छात्र वर्ग में योगेश निषाद प्रथम, कुलदीप द्वितीय, रस्सीकूद प्रतियोगिता में योगेश निषाद प्रथम, मुरली साहू द्वितीय तथा छात्रा वर्ग में दुर्गा देवांगन प्रथम, दिशा द्वितीय स्थान पर रही। कार्यक्रम के समन्वयक अतिथि क्रीड़ा अधिकारी मोनिश खान थे। इस दौरान अतिथि व्याख्याता डॉ काव्या जैन, डॉ संजूसिंह, कंचन साहू, हेमलता विरदी, चांदनी पराते, शुभि जैन, योगिता ठाकुर, चंद्रकांत कुंभकार, ओमप्रकाश सहारे, हिमानी साहू आदि मौजूद थे।

# अचानक बारिश होने से किसान परेशान

**खडगांव।** अचानक बारिश होने से किसानों को नुकसान होने की आशंका है। बारिश के चलते ठाकुरटोला निवासी संतोष यादव का घर गिर गया। घर गिरने से उसे काफी नुकसान हुआ है साथ ही आवास की समस्या खड़ी हो गई है। किसान संतराम नांदरे ने बताया कि लगातार बारिश के कारण फसलों पर कीड़े लगने की आशंका है। कीट प्रकोप से फसल बर्बाद हो सकती है। रतन गावड़े ने बताया कि वर्तमान में फसल को पानी की जरूरत नहीं है लेकिन बारिश होने से फसलों को नुक़सान हो सकता है। कुछ किसानों ने बताया कि बारिश होने से खेतों में पानी भर गया है जिससे फसल खराब होने का डर है। फसल खराब होने पर उन्हे काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि खाद की किल्लत और कालाबाजारी से किसान पहले से ही परेशान हैं।

- ठाकुरटोला में गिरा घर, क्षतिपूर्ति की मांग

### पूजा में शामिल हुए विधायक



**डोंगरगढ़।** ग्राम डूमरडीह कला में जय मां बंजारी सेवा भजन मंडली द्वारा आयोजित मां काली आरती पूजा में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल शामिल हुईं। विधायक ने ग्रामवासियों के साथ भजन-कीर्तन में हिस्सा लिया। मंडली के सदस्यों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान सरपंच दिनेश ठाकुर, शंकर पाल, गंगाप्रसाद साहू, रामखिलावन पाल आदि मौजूद थे।

## 40 किलोमीटर दूर पैसा निकालने जाते हैं ग्रामीण, उठी बैंक खोलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



वनांचल के लोगों ने बागरेकसा में जिला सहकारी बैंक की शाखा खोलने की मांग की है। यहां बैंक खुलने से धान खरीदी केन्द्र बोरतलाव, बागरेकसा, कनेरी, सीतागोटा, चारभाटा, मडियान, और बागरेसा के किसानों का सुविधा मिलेगी। वर्तमान में किसान राशि आहरण सहित अन्य कार्य के लिए लालबाहदुर नगर बैंक जाते है जो लगभग 40 से 50 किलो मीटर दूर है। ग्रामवासियों ने सहकारिता विभाग को बैंक खोलने की मांग करते हुए जिपं सभापति अनिता मंडावी के माध्यम से मांग प्रेषित किया है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




## खबर संक्षेप



### मातृत्व अभियान में 719 गर्भवतियों की जांच

**छुईखदान।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले के 16 सिविल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में अब तक 719 गर्भवती माताओं की प्रसव पूर्व जांच कर उचित परामर्श दिया गया है। यह कार्यक्रम कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। कल 26 सितंबर को भी गर्भवती माताओं की जांच एवं परामर्श हेतु शिविर आयोजित किए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा ने बताया कि जिले में पंजीकृत गर्भवती माताएं अपने नजदीकी सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अथवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर गर्भावस्था की सुरक्षित देखभाल एवं आवश्यक परामर्श प्राप्त कर सकती हैं। अभियान के दौरान महिलाओं को संतुलित आहार, एनीमिया की रोकथाम, प्रसव पूर्व आवश्यक जांच, उच्च जोखिम वाली गर्भवती माताओं की पहचान एवं उचित परामर्श पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रसव पूर्व जांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान, गंडई, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र साल्हेवारा, पैलीमेटा, पेंडरवानी, उदयपुर, बाजार अतरिया, जालबांधा, मरकामटोला, पांडादाह, मुड़ीपार, बकरकट्टा, गातापार नाका में किया गया।

### त्रिलोचन अध्यक्ष निर्वाचित

**राजनांदगांव।** तहसील साहू संघ कुमरदा के अंतर्गत जोशीलमती परिक्षेत्र साहू समाज का चुनाव 25 सितंबर को संपन्न हुआ। जिसमें राजनांदगांव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, मिलाप दास साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ कुमरदा, गिरधारीलाल साहू निर्वाचन अधिकारी, फकीरराम साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र कुमरदा, देवानंद साहू उपाध्यक्ष परिक्षेत्र, डीलेश्वर साहू सह निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में त्रिलोचन साहू अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं उपाध्यक्ष बिपत साहू, संगठन सचिव राजेश साहू, संगठन सचिव महिला किरण साहू, उपाध्यक्ष महिला भगवती साहू शामिल हैं। नवनिर्वाचित पदाधिकारी को तहसील साहू संघ कुमरदा ने प्रमाण पत्र देकर गुलाल तिलक लगाकर स्वागत सम्मान कर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर समाज के सभी वरिष्ठजन एवं सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### 27 से 29 तक भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन

# छुईखदान में नवरात्रि की धूम रोशनी से जगमगा रहे मंदिर


## देवी पंडालों में देर शाम भक्तों की उमड़ रही भीड़


हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

नगर में नवरात्रि पर्व को लेकर उत्साह का माहौल है। हर गली, चौक और मंदिर रंग-बिरंगी रोशनियों से जगमगा रहे है। पूरा शहर दुल्हन की तरह सजा है। भक्तों का उत्साह भी देखते ही बन रहा है। देवी पंडालों में स्थापित नयनाभिराम मूर्तियां श्रद्धालुओं को काफी आकर्षित कर रही हैं।

मां दुर्गा के विभिन्न रूपों को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया है, जिन्हें देखने के लिए नगरवासी एवं आसपास के लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। नगर के फुटबॉल मैदान में 27, 28 और 29 सितंबर को गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन रखा गया है। गरबा की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं और बड़ी संख्या में युवक-युवतियां पारंपरिक परिधानों में भाग लेकर मां दुर्गा की आराधना करेंगे।







**आकर्षित कर रही मूर्तियां** नगर में नवरात्र के मौके पर दुर्गा और सरस्वती पंडाल में मूर्तियां विराजित की गई है। नयनाभिराम मूर्तियां लोगों को आकर्षित कर रही है। फुटबॉल मैदान में स्थित देवी, पुराना पुलिस थाना में विराजित माता दुर्गा की मूर्ति, फिर पारा में विराजित मूर्ति, जेठू ठेला चौक में विराजमान नौ देवियों की मूर्ति, मोहल्ले में विराजमान मां सरस्वती की मूर्तियां भक्तों को लुभा रही है। नगरवासियों ने नवरात्रि को खास बनाने के लिए सामूहिक सजावट और आयोजन की जिम्मेदारी संभाली है। धार्मिक आयोजन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रौनक बढ़ा रहे हैं।



# कलेक्टर ने बंजर नदी उद्गम स्थल का किया निरीक्षण

## तालाब विकास और सफाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

छुईखदान के ग्राम पंचायत समनापुर के आश्रित ग्राम बंजारपुर में स्थित बंजर नदी के उद्गम स्थल का जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने निरीक्षण किया।

ग्रामीणों ने बताया कि बंजर नदी छत्तीसगढ़ से होकर मध्यप्रदेश के मंडला जिले में नर्मदा नदी में मिलती है और यह नर्मदा की प्रमुख सहायक नदियों में से एक मानी जाती है। कलेक्टर ने उद्गम स्थल पर स्थित तालाब को अमृत सरोवर के स्वरूप में विकसित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने तालाब और आसपास की सफाई, सौंदर्यीकरण तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि यह परियोजना न केवल पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देगी, बल्कि ग्रामवासियों के लिए स्वच्छ जल और हरित वातावरण सुनिश्चित करेगी। उन्होंने ग्रामीणों से भी संवाद कर शासन की योजनाओं के लाभों के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल, जनपद पंचायत के सीईओ रवि कुमार, मनरेगा परियोजना अधिकारी सिद्धार्थ, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मानपुर चेक पोस्ट के सुरक्षाकर्मी की हत्या करने वाले दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा





हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

### न्यायालयीन फैसला

अपर सत्र न्यायालय खैरागढ़ के न्यायधीश कु. मोहनी कंवर द्वारा अभियोजन पक्ष की ओर से अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक ज्ञान दास बंजारे ने सशक्त पैरवी की। प्रस्तुत साक्ष्यों एवं दलीलों के आधार पर 24 सितम्बर 2025 को न्यायालय ने दोनों आरोपियों ज्वाला यदु पिता स्व. गजेन्द्र प्रसाद 30 वर्ष तथा केवल साहू पिता फिरतु राम 25 वर्ष ग्राम चुचरूंगपुर थाना मोहगांव को धारा 302 भादवि के अंतर्गत आजीवन सश्रम कारावास एवं 5,000 रुपये का अर्थदण्ड धारा 186, 294, 506(बी), 323 भादवि के अंतर्गत दण्डित किया गया है।

वाहन से ठोकर मार कर जान से मारने वाले दो आरोपीयों को बुधवार को आजीवन कारावास की सजा अपर सत्र न्यायालय द्वारा सुनाया गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार दो साल पहले 10 मार्च 2023 की रात्रि लगभग 11 बजे वाहन क्रमांक सीजी 10 एफ 6921 से आरोपी ज्वाला प्रसाद यदु मानपुर चेक पोस्ट पर पहुंचा और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों से अभद्रता एवं गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर वह धमकी देते हुए वहां से चला गया। कुछ समय बाद वह अपने साथी केवल साहू के साथ पुनः आया और बोलेरो वाहन को जान से मारने की नियत से रिवर्स कर सुरक्षाकर्मी चिरजिवेन्द्र नेताम को टक्कर मार दी। गंभीर चोट आने से इलाज के दौरान चिरजिवेन्द्र नेताम की मृत्यु हो गई।

इस घटना पर थाना गंडई में अपराध क्रमांक दर्ज कर प्रारंभ में धारा 307, 186, 294, 506, 323, 34 भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था, जो बाद में आहत की मृत्यु होने पर धारा 302 भादवि में परिवर्तित किया गया। तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल शर्मा द्वारा दोनों आरोपियों को घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन सहित गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

# राशि का दुरूपयोग, एसडीएम से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



ग्राम पंचायत चौथना के सचिव और सरपंच पर 15 वे वित्त की राशि का दुरूपयोग करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी से शिकायत कर जांच और कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने अपनी शिकायत में बताया कि सरपंच के पति द्वारा पंचायत कार्य में हस्तक्षेप किया जा रहा है।

हाल में चौथना में सरकारी पट्टे की जमीन को बेचने का मामला सामने आया है। उन्होंने शिकायत में यह भी बताया कि भर्रीटोला में 15 वे वित्त मद की राशि को नीजि भूमि में बोर कराकर हैंडपंप लगाया गया है। ग्रामसभा की बैठक में मामले का खुलासा होने पर सरपंच पति ने बताया कि भूमि स्वामी ये सहमति लिया गया है। हैंडपंप का खनन जून 2025 में हुआ है और सरपंच ने अगस्त में एक 10 रूपए स्टाम्प लाकर लिखवाया है। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत पीएचई ने टंकी निर्माण और पाईप लाईन का कार्य कराया है। सरपंच द्वारा 80 हजार का रिपेरिंग कार्य 15 वे वित्त मद से कराया है जबकि पीएच ई पहले ही मोटर लगा चुका था। इसी प्रकार पंचायत चुनाव में लगभग 90 हजार 15 वे वित्त से खर्च किया गया है। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विजयादशमी उत्सव आज

**गंडई पंडरिया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गंडई इकाई द्वारा इस वर्ष विजयादशमी उत्सव का आयोजन 26 सितंबर को किया जाएगा। विजयादशमी का पर्व पौरुष, पराक्रम और शक्ति जागरण का प्रतीक है और इसी दिन 1925 में आरएसएस की स्थापना हुई थी। यह उत्सव विशेष महत्व रखता है क्योंकि यह संगठन हिंदू समाज के आत्मविश्वास और विश्व कल्याण के संकल्प के साथ अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है। शताब्दी वर्ष निमित्त, संघ ने समाज के सोच में परिवर्तन लाने के लिए पंच परिवर्तन के आग्रह के साथ कई कार्यक्रम तय किए हैं। गंडई में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त केंद्रीय सुरक्षा बल कर्मी एवं आदिवासी समाज गंडई क्षेत्र के उपाध्यक्ष अमर सिंह नेताम होंगे। वहीं, उपस्थित स्वयंसेवकों, नगर के नागरिकों और माताओं-बहिनों को विश्व हिंदू परिषद भोपाल क्षेत्र के मंदिर, अर्चक, पुजारी, पुरोहित आयाम प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा का उद्बोधन प्राप्त होगा। स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण शुक्रवार दोपहर 2.30 बजे श्रीराम मंदिर प्रांगण, वार्ड नंबर 4, गंडई में होगा, जिसके बाद 3.30 बजे पथ संचलन शुरू होगा। इस पथ संचलन का समापन शाम 4.30 बजे गुरु घासीदास वार्ड 8, गंडई में बौद्धिक कार्यक्रम के साथ किया जाएगा। बलदाऊ कुमार सोनी ने क्षेत्र के स्वयंसेवकों और नागरिकों से इस पथ संचलन में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# जैनाचार्य के समाधि स्मारक का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



समाधिस्थ जैनाचार्य विद्यासागर महाराज की समाधि स्मारक का भूमिपूजन गत दिनों 105 आर्यिका रत्न आदर्शमति माता के सानिध्य में किया गया। इस मौके पर आदर्श मति माता ने कहा कि गुरु जी तुम इस तरह उठे कि आसमान बन गये, सारे जहाँ के वास्ते ईमान बन गए। हम तुम्हारे सानिध्य में रहकर इंसान न बन सके और तुम हमारे मध्य रहकर भगवान बन गए। उन्होंने कहा कि गुरु जी की समाधि स्मारक का कार्य शुभ मुहूर्त में प्रारंभ हुआ। आप सभी इस कार्य के लिए उपस्थित हुए जो गुरु की भक्ति और समर्पण का दर्शाता है। संगठन की शक्ति का जिक्र करते हुए कहा कि संगठन की ताकत से सब काम संभव होता है। सभी संगठित होकर कार्य करेंगे तो निश्चित ही चंद्रगिरी मंदिर का पंचकल्याणक नवाचार्य 108 श्री समयसागर महाराज ससंघ के सानिध्य में 2026 में हो सकता है और विद्यासागरोदय समाधि स्मारक का कार्य भी जल्दी ही पूर्ण होगा। इस मौके पर चंद्रगिरी के अध्यक्ष किशोर जैन, सुभाषचंद जैन, निर्मल जैन, राजकुमार जैन, विनोद जैन, विनोद बडजात्या, जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन, जयकुमार जैन, सुरेशचंद जैन, राजेंद्र जैन, प्रदीप जैन, नितिन जैन, निशांत जैन, सुशील जैन, सुनील जैन, राहुल जैन, निखिल जैन, सोपान जैन, अमित जैन, दीपेश जैन, नरेश जैन, सप्रेम जैन आदि मौजूद थे।

## मंदिर परिसर में सुविधाओं का किया जा रहा विस्तार

# बैताल रानी मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में संवारने प्रशासन का प्रयास



### रंग-रोगन और सौंदर्यीकरण के निर्देश

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्य सड़क से मंदिर तक जाने वाले मार्ग के दोनों ओर पेड़ों का रंग-रोगन और सौंदर्यीकरण कार्य सुनिश्चित किया जाए। इससे आने वाले श्रद्धालुओं को आकर्षक और स्वच्छ वातावरण प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि बैताल रानी मंदिर न सिर्फ आस्था का केंद्र है बल्कि इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने से स्थानीय लोगों को भी रोजगार और आर्थिक लाभ मिलेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल, जनपद पंचायत सीईओ रवि कुमार, मनरेगा परियोजना अधिकारी सिद्धार्थ, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

विकासखंड छुईखदान के ग्राम पंचायत कुम्हरवाड़ा के आश्रित ग्राम बसंतपुर में स्थित प्राचीन बैताल रानी मंदिर को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की कार्ययोजना पर जिला प्रशासन तेजी से काम कर रहा है। इसी क्रम में जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने मंदिर स्थल का निरीक्षण किया और चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बताया कि श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था और पर्यटन संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में आवश्यक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। मंदिर के पास देवगुड़ी का निर्माण कराया जा रहा है।

साथ ही श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए सीमेंट बेंच, शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

# संकुल स्तरीय शिक्षक सम्मान



**गंडई पंडरिया।** संकुल केंद्र कटंगी के तत्वावधान में, ग्राम सर्राकापा के शाला प्रांगण में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया, साथ ही स्थानांतरण पर जा रहे शिक्षक को विदाई दी गई और नए शिक्षकों का स्वागत किया गया। संकुल प्राचार्य पोर्णिमा नेताम और संकुल समन्वयक राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि शिक्षक पूरे वर्ष ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर संकुल का नाम रोशन कर रहे हैं। इसी क्रम में, हायर सेकेंडरी स्कूल कटंगी के व्याख्याता रूपेश मंडावी को विक्रमपुर स्कूल में स्थानांतरण होने पर शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई। इसके अलावा, युक्तियुक्तकरण के तहत संकुल परिवार में शामिल हुईं चार नई शिक्षिकाओं का स्वागत किया गया। सम्मानित होने वाली शिक्षिकाओं में ओमलता पुजारी, निर्मला जगत, धनेश्वरी ठाकुर और संगीता मोहबिया शामिल हैं। इन सभी को श्रीफल और मोमेंटो भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष उत्तम रजक सहित संकुल के अन्य शिक्षक, जिनमें सरोज ताम्रकार, शरद नेताम, पूर्णानंद धनकर, विजय चौरे, भागचंद साहू, महेश वर्मा और कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### उत्तम साहू अध्यक्ष निर्वाचित

**लाल बहादुर नगर।** परिक्षेत्र साहू समाज लालबहादुर नगर के चुनाव गत दिनों संपन्न हुए। चुनाव में अध्यक्ष उत्तम साहू, उपाध्यक्ष घनाराम साहू, सचिव खिलावन, कोषाध्यक्ष चेतन साहू और महिला उपाध्यक्ष



कुलेश्वरी साहू, संगठन सचिव छबिलाल साहू, महिला संगठन सचिव त्रिवेणी साहू निर्वाचित हुए हैं। इस दौरान निर्वाचन अधिकारी के रूप में नोबल साहू, कोमल साहू, गणेश साहू, अश्वनी साहू, रामाधीन साहू उपस्थित थे। चुनाव के दौरान नपं अध्यक्ष देवेंद्र साहू, छबिधर साहू, सोहन साहू, पवित साहू, मोरध्वज साहू, तुलसी साहू, राजेंद्र साहू, कामता साहू, खिलेश्वर साहू, हनुमानदास साहू, जीवरखान साहू, भीमेश्वर साहू, सोमनारायण साहू, राजकमल साहू, सुमित साहू, अशोक साहू, परमानंद साहू, खेमलाल, रामकुमार, इंदल साहू, रूपराम साहू, धनीराम, मनसुख साहू, दिगंबर साहू, दिलीप साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### कंप्यूटर विभाग छात्र परिषद की झरना बनी अध्यक्ष

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान विभाग में गत दिनों छात्र परिषद का गठन किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ ईवी रेवती, विशिष्ट अतिथि कंप्यूटर विभागाध्यक्ष बेदप्रकाश साहू थे। नवगठित



परिषद में अध्यक्ष झरना लाऊत्रे, उपाध्यक्ष प्रिया जांबुलकर, सचिव कमला फुले, सह सचिव रामेश्वर नाथ, कोषाध्यक्ष शिखर नामदेव एवं उमेश्वरी ठाकुर, मीडिया प्रभारी सोनिया कटंगी, अस्मिता सांगोड़े, चंचल मेश्राम को चुना गया। पिछले वर्ष परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। संचालन तूलिका चक्रवर्ती एवं आभार प्रदर्शन हर्ष यादव ने किया। अंत में प्राचार्य डॉ. रेवती ने परिषद सदस्यों को शपथ दिलाई।

### खांडेकर ने किया पटना साहेब के दर्शन



**डोंगरगढ़।** पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने पटना प्रवास के दौरान सिखों के दशम गुरु गुरुगोविंद सिंह के जन्मस्थान साहेब पटना स्थित तख्त श्री हरमंदिर पटना साहेब का दर्शन किया।

### ग्रामीणों को दी वित्तीय जानकारियां

**खड़गांव।** सोमाटोला में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुद्रा लोन, बचत योजना, निवेश, डिजिटल लेनदेन, बैंकिंग सेवाएं, बीमा योजना आदि की जानकारी दी गई। लोगों को आनलाइन ठगी से बचने की विस्तार से जानकारी दी गई। आधार कार्ड,



पेनकार्ड, पासवर्ड,ओटीपी की जानकारी किसी से शेयर न करने की समझाइश दी गई। आनलाइन ठगी होने पर पुलिस थाने से तत्काल सम्पर्क करने प्रेरित किया गया। जागरूकता अभियान में समाज सेविका निलिमा जैन ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### मेला डयूटी में प्रशिक्षुक डेढ़ सौ पीएसआई

**राजनांदगांव।** नवरात्र पर्व के दौरान डोंगरगढ़ मेला में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस अकादमी चंदखुरी से 150 प्रशिक्षुक पीएसआई को मेला ड्यूटी के लिए रवाना किया गया है। 23 सितंबर को पुलिस अकादमी चंदखुरी से 150 प्रशिक्षुक पीएसआई को मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ मेला ड्यूटी में प्रशिक्षण व अनुभव के लिए राजनांदगांव भेजा गया है, जिन्हें रक्षित केन्द्र राजनांदगांव में एकत्र कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा द्वारा ब्रिफ किया गया। ब्रिफ के दौरान राहुल देव शर्मा द्वारा कहा कि कर्तव्यनिष्ठा, सतर्कता और जनहित को सर्वोपरि रखते सभी अपनी ड्यूटी करेंगे। जिससे श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मजबूती मिलेगी और आने वाले भविष्य में अच्छे से अपने ड्यूटी के प्रति एक जिम्मेदार अधिकारी बनेंगे।

### देवी दरबारों में जगमगा रहे आस्था के जोत

**सड़क अतरिया।** क्षेत्र में शारदीय नवरात्र का पर्व धार्मिक माहौल में उल्लास से मनाया जा रहा है। माता के भक्त शक्ति के अराधना में लीन हैं। क्षेत्र के सभी देवी दरबारों में श्रद्धालुओं के आस्था का जोत जगमगा रहे हैं। अंचल के लोगों का आस्था का केन्द्र मां नर्मदा मंदिर में इस बार



109 ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया। नवरात्रि के पहले दिन से श्रद्धालुओं का रेला माता रानी के दर्शन करने पहुंच रहा है। सभी गांव में विराजित दुर्गा, सरस्वती स्थल में भी भक्ति का माहौल बना हुआ है। शुक्रवार को सभी जगह नवरात्रि की पंचमी मनाई जाएगी। माता रानी का विशेष श्रृंगार कर भोग लगाया जायेगा।

### देवी दर्शन करने पहुंचे डॉ. सिंह, परिक्रम पथ लोकार्पित

**डोंगरगढ़।** धर्मनगरी में नवरात्र के तीसरे दिन आस्था और राजनीति का संगम देखने मिला। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और वन मंत्री केदार कश्यप ने मंदिर पहुंचकर माता के दर्शन किए और खुशहाली की कामना की। इसी मौके पर करोड़ों की लागत से बने मां बम्लेश्वरी



पर्यावरण परिक्रमा पथ का लोकार्पण किया गया। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारी और भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे। जानकारी के अनुसार करीब साढ़े तीन किलोमीटर लंबे इस परिक्रमा पथ निर्माण का विचार डॉ. रमन सिंह जब मुख्यमंत्री थे तब डोंगरगढ़ प्रवास के दौरान आया था। निर्माण की जिम्मेदारी वन विभाग को सौंपी गई थी। एक दशक में यह परिक्रमा पथ बनकर तैयार हुआ। परिक्रम पथ में छत्तीसगढ़ के प्रमुख तीर्थों और वन्य प्राणियों की झलक दिखाई देती है।

## कार्यशाला में बिजली उत्पादकों का सम्मान

# सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादक बनने का स्वर्णिम अवसरः विस अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज गांधी सभागृह राजनांदगांव में सेवा पर्व पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) राजनांदगांव क्षेत्र के तत्वाधान में आयोजित प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और प्रधानमंत्री कुसुम योजना की कार्यशाला में शामिल हुए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सेवा पर्व पर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और प्रधानमंत्री कुसुम योजना के प्रचार-प्रसार के लिए सूर्य रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत किसान हितग्राहियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली और प्रधानमंत्री कुसुम योजना की शुरूआत पूरे देश में शुरू की है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिला छत्तीसगढ़ का ग्रीन जिला बनना चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि देश में सौर ऊर्जा की वर्तमान स्थापित क्षमता लगभग 100 गीगावॉट है। वर्ष 2030 तक सौर ऊर्जा की क्षमता को तीन गुना बढ़ाकर लगभग 300 गीगावॉट तक ले जाने का लक्ष्य है।

भविष्य में ऊर्जा की जरूरतों की बढ़ती मांगों को देखते हुए प्राकृतिक संसाधनों की अभूतपूर्व कमी आएगी। कोयला, पानी एवं भूसे से बिजली का उत्पादन पर्यावरण के लिए बहुत नुकसानदायक है, इसलिए सूर्य की ऊर्जा से बिजली उत्पादन कर पर्यावरण संरक्षण एवं बिजली उत्पादक बनने का स्वर्णिम अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि आवासीय भवनों की छतों एवं अनुपयोगी जमीन पर सोलर प्लांट लगा सकते हैं।

जिससे उपभोक्ता व किसान न सिर्फ अपनी बिजली की जरूरतों को पूरा करके अतिरिक्त बिजली का उत्पादन कर उसे ग्रिड में बेचकर आर्थिक लाभ भी कमा सकते हैं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बताया कि विकसित देशों में 50 प्रतिशत से अधिक सोलर से ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोलर से ऊर्जा उत्पादन से पर्यावरण संतुलित रहेगा और जंगलों की कटाई नहीं होगी।



#### राकेश गुप्ता सम्मानित

विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह ने ठेलकाडीह में दो मेगावाट का सोलर प्लांट लगाने पर भूस्वामी राकेश गुप्ता का सम्मान किया। इस दौरान श्री गुप्ता ने विस अध्यक्ष डॉ. सिंह का आभार व्यक्त करते कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उर्जा संरक्षण के लिए की गई यह पहल निःसंदेह राष्ट्रहित की दिशा में मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने लोगों को मुफ्त बिजली देने के लिए एक क्रांतिकारी कदम उठाया है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा सोलर प्लांट के लिए सब्सिडी दिए जाने से इसका अच्छा रिजल्ट सामने आ रहा है।

#### दूरगामी सोचः मधुसूदन

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लाई गई हर योजना उनकी दूरगामी सोच, जनहित और राष्ट्रहित की मूल भावना से प्रेरित होती है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जहां एक ओर बिजली उपभोक्ता स्वयं उत्पादक बनकर आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। वहीं प्रधानमंत्री कुसुम योजना किसानों को सौर ऊर्जा से संबंधित लाभ प्रदान करती है।

#### देशभर में माहौलः किरण

जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने कहा कि हम सभी को इन योजनाओं का लाभ लेकर अपने भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने का संकल्प लेना चाहिए। इन दोनों योजनाओं में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा आधे से अधिक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है।

# गरबा उत्सवः माता रानी भक्ति में उमड़ रहा सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शारदेय नवरात्रि पर्व पर संस्कारधानी गरबा उत्सव समिति द्वारा शिवनाथ वाटिका में तीसरे दिन गरबा उत्सव की धूम रही। रंग-बिरंगी रोशनी, शानदार संगीत और माता रानी की भक्ति से ओत-प्रोत इस गरबा महोत्सव में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। गरबा के दौरान विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। जिसके बाद विजेताओं को सम्मानित किया गया। तीसरे दिन के गरबा उत्सव में सर्वश्रेष्ठ गरबा नृत्य और परिधानों के आधार पर विजेताओं को ट्रॉफी दी गई। बेस्ट गरबा मेल का खिताब भास्कर ने जीता। जबकि बेस्ट गरबा फीमेल का खिताब दिव्या चौहड़ा के नाम रहा। इसके अलावा अविनाश लालवानी को बेस्ट ड्रेस अप मेल और अदिति श्रीवास्तव को बेस्ट ड्रेस अप फीमेल के खिताब से नवाजा गया। पार्वती गरबा स्टार मेल आदित्य गौतम, फिमेल अंशिका साहू, बेस्ट फेस ऑफ द डे मेल विपीन रूचंदानी, खुशी ललवानी, फर्स्ट क्राई (0 से 6 वर्ष) दीरिषा को सम्मानित किया गया। इसके अलावा आयोजन समिति द्वारा विशेष रूप से प्रणव जेठवा, सागर नारायण, हर्ष राठौड़, नील बत्रा, मयंक शर्मा, मीली जैन, लवली तेजवानी को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शहर के गणमान्य नागरिकों ने विजेताओं को बधाई दी।



#### गरबा उत्सव में शामिल हुए कोमल

गायत्री विद्यापीठ परिसर में आयोजित लायंस क्लब के गरबा उत्सव-2025 में तीसरे दिन के मुख्य अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत थे। उन्होंने गरबा उत्सव चेयरमैन राजा माखीजा, संयोजक बृजकिशोर सुरजन, शारदा तिवारी, लायंस अध्यक्ष अमित खंडेलवाल सचिव मयंक शर्मा नेहा गुप्ता, राजकुमार शर्मा, मानव देशमुख व अपने साथियों सहित मातारानी की पूजा-अर्चना कर सबको शारदीय नवरात्रि की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने उद्बोधन में लायंस क्लब के गरबा उत्सव को शहर की शान बताया और कहा कि यह गरबा उत्सव लोगों को जोड़े रखता है, जो हमारी धार्मिक एवं सांस्कृतिक गरिमा के अनुकूल है।



## स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार आयोजित

**डोंगरगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार कार्यक्रम का आयोजन अछोली स्थित स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। कार्यक्रम में नेहरू महाविद्यालय की 94 छात्राओं ने भाग लिया जिनका नेतृत्व कंप्यूटर विभाग की तूलिका चक्रवर्ती ने किया। मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता संध्या देशपांडे थी। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के वंदन गीत से हुआ। स्वागत के बाद विधायक श्रीमती बघेल ने कहा कि नारी को मानसिक या शारीरिक रूप नहीं बल्कि आर्थिक रूप से सशक्त होने की आवश्यकता है। श्रीमती देशपांडे ने कहा कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य की भी चिंता करते हुए कम से कम 10 मिनट स्वयं के लिए निकालना चाहिए। तूलिका चक्रवर्ती ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि डिग्री केवल विवाह के लिए नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर बनने के लिए आवश्यक है। संचालन डॉ. शुभि खान ने किया। डॉ. शुचिता श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का विवरण प्रस्तुत किया। अंत में सभी छात्राओं एवं महिलाओं को स्वस्थ शरीर की शपथ दिलाई गई।



## कोकपुर परिक्षेत्र में बेलस साहू अध्यक्ष निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोकपुर

कोकपुर परिक्षेत्र में साहू समाज का निर्वाचन संपन्न हुआ। आसरा के बेलस राम साहू अध्यक्ष निर्वाचित हुए है। उपाध्यक्ष हेमंत साहू सांगिनकछार,

उपाध्यक्ष महिला मोहनीबाई साहू कोकपुर, संगठन सचिव गोविंदा साहू चिद्दो, संगठन सचिव महिला मीना साहू गाताटोला निर्वाचित हुए है। शांतिपूर्ण माहौल के बीच अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद के लिए मतदान हुआ। अध्यक्ष पद हेतु वर्तमान अध्यक्ष प्यारेलाल साहू एवं बेलस साहू उम्मीदवार थे। चुनाव में बेलस साहू ने जीत दर्ज की। उपाध्यक्ष पुरुष पद पर हेमंत साहू निर्वाचित हुआ। शेष पदों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। तहसील साहू संघ के संरक्षक अमरनाथ साहू, अध्यक्ष हेमंत साहू, शिवराम साहू, मीना साहू, धनराज साहू, रामप्रकाश साहू, सुरेंद्र साहू, दौवा राम साहू ने पदाधिकारियों प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर कृष्ण साहू, खेमचंद साहू, पोवाराम साहू, बिसंभर साहु, रमेश साहू, दयाराम साहू,परमानंद, दयाल, नूतन, कमलेश, घनश्याम साहू, देवेंद्र, रमेश, दिनेश्वरी, श्यामलाल, रामू, कृष्णा, गुमान साहू, वीरेंद्र साहू, शिवनारायण साहू, लेखराम,कोमल, तारस, कौशल, कांशीराम, सीताराम,सोंनचंद, मुकेश, नकुल, मिट्ठूलाल, सरपंच रोहित साहू, लालाराम, डाहरु राम, शोभाराम, नंदलाल, भीमसेन, हेतराम, टुमन, भेखज, जोहतराम आदि मौजूद थे।



## भूमि अधिग्रहण के पहले मार्किंग का काम शुरू

- मंदिर से प्रज्ञागिरी तक 5 किमी फोरलेन सड़क प्रस्तावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

प्रसाद योजना के तहत मां बम्लेश्वरी मंदिर से प्रज्ञागिरी तक करीब पांच किमी फोरलेन सड़क प्रस्तावित है। सड़क के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू होने के पहले भू माफिया सक्रिय हो गए है। सड़क के आसपास की जमीन की मार्किंग किया जा रहा है। राजस्व विभाग, पीडब्ल्यूडी और भूमाफियाओं की सांठगांठ के चलते यह प्रोजेक्ट विवादों की भेंट चढ़ता दिख रहा है। किसानों का कहना है कि जहां सड़क बननी है, वहां सरकारी जगह उपलब्ध है। सरकारी जमीन के अधिग्रहण से सरकार को मुआवजा नहीं देना होता है लेकिन इसके बाद भी राजस्व अफसर कुछ जमीन दलालों और जमीन मालिकों से मिलीभगत कर मुआवजे हथियाने की फिराक में हैं।

## स्टेट हाईवे खस्ताहाल, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

- एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर जीर्णोद्ध की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

स्टेट हाईवे की जर्जर स्थिति को लेकर ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर जीर्णोद्धार कराने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि स्टेट हाइवे पर जहां तहां गहरे गड्ढे हो गए है जिससे दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। इस मार्ग पर भारी वाहनों के चलने से राहगीरों और दो पहिया वालों को सर्वाधिक परेशान होना पड़ रहा है। निकटवर्ती ग्राम सुखरी के पास स्थाई गड्ढे हो गए है जिससे वाहन लहराते हुए गुजरते हैं। वहीं दो पहिया दुर्घटना होने की आशंका से भयभीत रहते हैं। यह स्थिति सालों से होने के बाद भी सड़क की दशा को सुधारा नहीं जा रहा है। जिला पंचायत की पूर्व सदस्य क्रांति बंजारे ने लोगों की परेशानी को देखते हुए सड़क की मरम्मत कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीणों के साथ आंदोलन करना पड़ेगा। जिला कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री रोहित सोनकर ने कहा कि जिला और ब्लॉक मुख्यालय को जोड़ने वाली मुख्य सड़क की जर्जर स्थिति चिंताजनक हो गई है। गड्ढों और सड़क की खराब हालत से लोगों को दुर्घटनाग्रस्त होकर चोटिल होने के साथ जान भी गंवाना पड़ रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान सोनू साहू, मुकेश, राजू, निर्भय पटेल, कन्हैया सहित अन्य उपस्थित थे।



## विभिन्न देशों की डाक टिकटों का है संग्रह

# एंटीक प्रदर्शनी : रितेश अग्रवाल दक्षिण मुद्रा कोसला उत्सव में सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई के सराफा व्यापारी रितेश अग्रवाल को हाल ही में रायपुर में आयोजित दक्षिण मुद्रा कोसला उत्सव 2025 में डाक टिकट संग्रह और बेहतरीन प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान 50 से अधिक देशों की डाक टिकटों के संग्रह के लिए मिला, जिसमें खास तौर पर पक्षियों पर आधारित टिकटें शामिल हैं।

47 वर्षीय रितेश अग्रवाल को यह शौक तब लगा जब वे 11 वीं कक्षा में थे। भिलाई में अपने एक मित्र को डाक टिकटें जमा करते देख, तब उन्हें भी इस अनोखे शौक को अपनाने की प्रेरणा मिली। उनके मित्र ने उन्हें बताया की पोस्ट ऑफिस में एक खास विभाग होता है जिसे फिलाटेलिक ब्यूरो कहते हैं, जहां से भारत की विशेष डाक टिकटें मिल सकती हैं। तभी से मुझे यह शौक हो गया और अब तक मैंने 50 से अधिक देशों की टिकटें जमा कर ली हैं।



#### 3 दिवसीय प्रदर्शनी

रायपुर के रामनाथ भीमसेन सभा भवन में 19 से 21 सितंबर तक चले इस राष्ट्रीय स्तर के एंटीक प्रदर्शनी कार्यक्रम में कुल 30 डीलरों और 15 संग्रहकर्ताओं ने भाग लिया था। इनमें से रितेश अग्रवाल ने अपने संग्रह को प्रदर्शित किया और विस्तार से बताया कि कैसे उन्होंने अपने पसंदीदा पक्षियों वाली टिकटों को इकट्ठा किया और उनकी क्या-क्या खासियतें हैं। श्री अग्रवाल को उनके उत्कृष्ट संग्रह और प्रभावी प्रस्तुति के लिए एक प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बता दे कि श्री अग्रवाल फिलहाल विभिन्न देशों के सिक्के और नोट भी जमा कर रहे हैं।

## मातृ गोष्ठी का आयोजन



**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर डोंगरगढ़ में गत दिनों मातृ गोष्ठी आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि गायत्री वर्मा, विशिष्ट अतिथि प्रियंका श्रीवास्तव थी। वक्ता प्रधानाचार्य जगेश्वर लाल निषाद थे। अध्यक्षता आचार्य सुरेशदास वैष्णव ने की। शुभारंभ के बाद दीप मंत्र प्रार्थना बच्चों ने किया। तत्पश्चात भैया बहनों ने छत्तीसगढ़ गीत प्रस्तुत किया। आचार्य श्री निषाद ने शिशु वाटिका, संस्कार, आहार के बारे में बताया। शिशु वाटिका प्रमुख अमिता जैन ने सुवर्ण प्राशन, उसके फायदे की जानकारी दी। अतिथि ने अपने उद्बोधन में सरस्वती शिशु मंदिर का महत्व, स्थापना, संस्कार के बारे में मार्गदर्शन दिया।

#### समस्याओं का समाधान

इस मौके पर माताओं की समस्या का श्री निषाद ने समाधान किया। दिव्या धुर्वे ने अंग्रेजी माध्यम में पढ़ने वाले बच्चों के बारे गीत के माध्यम से अपनी बात रखी। अंत में प्रिया भारती ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर उत्तम नागमोते, माया वशिष्ट, कामेश्वरी देवांगन, प्रीति वैष्णव, ज्योति शर्मा, योगिता नागमोते, चन्द्रिका यादव, श्वेता गिरधर, सुशील यादव उपस्थित थे।

## सार समाचार

### तुमडीबोड़ में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित



**राजनांदगांव।** तुमड़ीबोड में मां दुर्गा प्रतिमा की स्थापना का 58 वर्ष है। 4 हजार जनसंख्या वाले इस गांव में आज भी एक ही स्थान पर सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के नाम से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना किया जाता है। सभी गांव वाले 9 दिन मां की सेवा करते हैं। यह गांव की एकता को दर्शाती है।

### 29 को सांस्कृतिक आयोजन

**राजनांदगांव।** शिवशक्ति दुर्गोत्सव समिति एवं समस्त ग्राम पंचायत छांटा झा पोस्ट बम्हनी जिला कबीरधाम के तत्वावधान में गोविंद साव कृत अकादमी खुमान संगीत का भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम नवसृजित कलाकारों द्वारा किया जा रहा है। गौरतलब है कि यह आयोजन आगामी 29 सितंबर को होगा। जिसमें छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आयोजकों ने सभी ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस सांस्कृतिक आयोजन का आनंद लें और इसे सफल बनाएं। उपरोक्त जानकारी प्रीत जायसवाल द्वारा दी गई।

### चिखली में राजपूत क्षत्रिय महासभा की बैठक 28 को

**राजनांदगांव।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छग रहटादह पं.क्र. 1282 केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक उपसमिति राजनांदगांव में आगामी 28 सितंबर को दोपहर 12 बजे महाराणा प्रताप मंगल भवन दीनदयाल नगर चिखली राजनांदगांव में आहूत की गई है। बैठक की अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष ठा.बजरंग सिंह बैस द्वारा की जाएगी। बैठक में मुख्य विषय महासभा के सदस्यता अभियान 2025-26 की समीक्षा एवं जानकारी, महासभा वार्षिक महाअधिवेशन राजनांदगांव जोन 5 में होना है। उक्त जानकारी केन्द्रीय मीडिया सेल प्रमुख ठा .आदर्श सिंह ने दी।

### समाज के अध्यक्ष बने हुकुम



**राजनांदगांव।** तहसील साहू संघ छुरिया द्वारा परिक्षेत्र साहू संघ कल्लुबंजारी के निर्वाचन हेतु नियुक्त निर्वाचन अधिकारी श्यामसुंदर साहू, मयाराम साहू, कुमार साहू, ललित कुमार साहू द्वारा बुधवार को सामुदायिक भवन कल्लुबंजारी में चुनाव संपन्न कराया गया। जिसमें अध्यक्ष हुकुम सिंग साहू, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, उपाध्यक्ष चित्रलेखाबाई साहू, संगठन सचिव जितूराम साहू, संगठन सचिव शैलेन्द्रीबाई साहू निर्वाचित हुए। इस अवसर पर जिला महामंत्री नीलमणी साहू, कोषाध्यक्ष नोबल साहू, तहसील अध्यक्ष भुनेश्वर साहू, माधव साहू, उमेश साहू, परिक्षेत्रीय पूर्व अध्यक्ष बालकिशन साहू, परिक्षेत्रीय पूर्व सचिव जागेश्वर साहू सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### राज्यभर से 187 छात्र हो रहे शामिल

**राजनांदगांव।** डायरेक्ट्रेट आर आर्ट मुंबई के निर्देशन में 24 से 27 सितंबर तक ड्राईंग ग्रेड परीक्षा 2025 का आयोजन स्थानीय स्टेट हाईस्कूल में किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 24 एवं 25 को एलिमेटेरी ग्रेड परीक्षा, जिसमें आब्जेक्ट ड्राईंग, मेमोरी ड्राईंग डिजाइन एवं ज्यामेट्री ड्राईंग विषय पर पेपर परीक्षा आयोजित है। इस परीक्षा में 187 छात्र राज्यभर से विभिन्न कला केन्द्रों के माध्यम से शामिल हो रहे हैं। इसी तरह 26 एवं 27 को इंटर मीडिएट ड्राईंग ग्रेड परीक्षा में स्टील लाईफ, मेमोरी ड्राईंग, डिजाइन एवं ज्यामेट्री विषय पर परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस वर्ष दीपचंद चित्रकला केन्द्र राजनांदगांव, ताम्रकार ड्राईंग कलासेस दुर्ग, विनायक फाईन आर्ट राजनांदगांव, फेस भिलाई, नुतन कला केन्द्र रायपुर, आर्ट जोन दुर्ग, यामिनी कला केन्द्र राजनांदगांव एवं फिनीशींग कलासेस रायपुर से परीक्षाएं शामिल हो रहे है। उक्ताशय की जानकारी ड्राईंग प्रभारी शिक्षक सुनील भागवत ने दी।



### इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में शामिल हुए नीलू

**राजनांदगांव।** रायपुर में छत्तीसगढ़ सरकार के सीएसआईडीसी द्वारा इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों की पहल और निवेशकों को मिलने वाले प्रोत्साहनों का प्रस्तुतिकरण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना और रोजगार सृजन को बढ़ावा देना रहा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ निवेश और पर्यटन दोनों के लिए अपार संभावनाओं की भूमि है। सरकार की दूरदर्शी नीतियां न केवल आर्थिक विकास को गति देंगी, बल्कि पर्यटन क्षेत्र में भी अभूतपूर्व वृद्धि सुनिश्चित करेंगी। हमारा संकल्प है कि छत्तीसगढ़ को देश-विदेश के पर्यटकों की पहली पसंद बनाया जाए। साथ ही स्थानीय युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा हो।



### संस्कार सिटी कॉलेज में गरबा महोत्सव

**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन ठाकुरटोला में 24 अगस्त को नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। पूरे परिसर में उल्लास और भक्ति का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरूआत मां अंबे की विधिवत आरती और पूजन के साथ हुई। इस दौरान कॉलेज की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा, सहायक प्राध्यापकगण और प्रशिक्षणार्थी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। पूजा के बाद पारंपरिक गरबा नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।



गरबा की थाप पर सजे-धजे विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे परिधानों में शानदार प्रस्तुति दी। आयोजन के अंत में सभी को हलवा-पूरी का प्रसाद वितरित किया गया। कॉलेज परिवार की ओर से बताया गया कि इस तरह के आयोजनों से न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को बल मिलता है, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में भी सहायक सिद्ध होते हैं।

## सेवा पखवाड़ा अंतर्गत सिन्धु भवन में कार्यक्रम का आयोजन

# प्रबुद्धजन सम्मेलन में विशिष्ट व्यक्तित्व का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 सितंबर को जन्मदिन के अवसर को 140 करोड़ देशवासियों को समर्पित करते हुए 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़े के तहत आज सिंधु भवन हेमू कालानी नगर में प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन हुआ( जिसमें विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा एवं औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे।

मुख्य वक्ता के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मोदी का अद्भुत कुशल नेतृत्व न केवल देश में, बल्कि समूचे ब्रह्मांड में अद्वितीय है, उनकी विशिष्ट शैली उन्हें औरों से बेहतर बनाती है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद करते हुए डॉ. रमन सिंह ने कहा कि अंत्योदय के सिद्धांत के आधार पर ही आज केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाएं चल रही है। जिसका लाभ देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है और गरीबों के कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सरकार द्वारा क्रियान्वयन कर मोदी भारत मां की सेवा कर रहे हैं। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि लाल किले के प्राचीर से जब मोदी ने शौचालय निर्माण की बात की थी तो उन्हें भी आश्चर्य लगा था कि देश के प्रधानमंत्री शौचालय के लिए क्यों बोल रहे हैं, परंतु बाद में जब गांव-गांव में करोडों शौचालय बनने लगे और स्वच्छता अभियान के कारण गांव के लोगों ने शौचालय का उपयोग किया तो बीमारियां घटने लगी। उन्होंने कहा कि आज विश्व के सभी देशों की जीडीपी तीन से पांच परसेंट तक सीमित है सिर्फ भारत ही ऐसा देश है, जो मोदी के नेतृत्व में लगातार अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में वृद्धि कर रहा है। उन्होंने मोदी की समग्र सोच को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।



### फिर से सोने की चिड़िया बनेगा भारत

सम्मेलन में योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिंह ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश लोकल का वोकल प्रोत्साहित करते हुए तेजी से आगे बढ़ रहा है, अगर सभी लोग स्वदेशी अपनाएं तो हमें विदेशी वस्तुओं की ओर देखना नहीं पड़ेगा और हम आत्मनिर्भर होकर देश को पुनः सोने की चिड़िया बना सकते हैं। संचालन अमर लालवानी एवं राजा माखीजा तथा आभार प्रदर्शन आलोक बिंदल, योगेश बागड़ी एवं राजेश खांडेकर ने किया।

### डॉ. रमन का किया सम्मान

इस अवसर पर जीएसटी की दरें सरकार द्वारा कम करने पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष कमलेश बैद के नेतृत्व में व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल ने डॉ. रमन सिंह का सम्मान किया। चेंबर ऑफ कॉमर्स के विनोद डड्डा ,तरुण लहरवानी एवं दीपक नवलखा ने कहा कि जीएसटी में इनपुट क्रेडिट की सुविधा से नगदी प्रवाह बेहतर होगा और कारोबार में मुनाफा बढ़ने के साथ उपभोक्ताओं को भी रोजमर्रा की वस्तुओं पर कम कीमतों का लाभ मिलेगा ।

### गरीबों का सपना किया साकार

सम्मेलन में औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधारो का खुले दिल से स्वागत किया। उनका कहना था कि न ही टैक्स दरें प्रदर्शित सरलता और डिजिटल प्रक्रियाओं के चलते व्यापार को नई दिशा देगी। जीएसटी की दरों में कमी आने से न केवल व्यापार की गति बढ़ेगी, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान होगा।

### दिव्यांगजनो एवं कुशल व्यक्तित्व का सम्मान किया

सम्मेलन में विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान किया गया। जिसमें दिव्यांगजनों की कुशल प्रतिभा के लिए उनका विशेष रूप से सम्मान किया गया । मोदी सोच के अनुरूप आज ईश्वर की विशेष कृति दिव्यांगजनों को अपने कौशल प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। जिसमें दृष्टि बाधित भूपेश देशलहरा को पैराओलंपिक जूडो हेतु सम्मानित किया। चित्रभान गावडे को राष्ट्रीय शतरंज एवं छत्तीसगढ़ लोक कला के लिए सम्मानित किया गया। नरेंद्र देवदास को अस्थि बाधित होने के बावजूद पैरालंपिक क्रिकेट का प्रतिनिधित्व करने पर उन्हें सम्मानित किया गया । मूकबधिर दीपचंद साहू को शानदार डिजिटल पेंटिंग के लिए सम्मानित किया गया। ओलंपिक जीतकर आने वाले शीतलेश पटेल का भी सम्मान किया गया। आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत वोकल फॉर लोकल के लिए श्रीमती गुरुवचन कौर सावलानी का कृपाल केला चिप्स एवं घरेलू प्रोडक्ट को लघु उद्योग में बदलने हेतु .सम्मान किया गया।

### बंद कर 400 यूनिट की छूट ऑनलाइन बिल में मचाए लूट



**राजनांदगांव।** छग प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव शहर जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव की कार्यकारिणी सदस्य कुसुम रूपेश दुबे ने विद्युत मंडल में ऑनलाइन बिल पटाने पर जनता लूट का शिकार होने का आरोप लगाते कहा कि मुख्यमंत्री के स्वयं के विभाग में ऐसी अंधेरगर्दी है, तभी प्रदेश में लूट, अपराध, नशाखोरी के साथ-साथ सरकारी खरीदी में भ्रष्टाचार चरम पर है। श्रीमती दुबे ने कहा कि सर्विस क्र. 1006530585 में बिजली बिल मैनुअल एवं एसएमएस से 680 रुपए है। वहीं ऑनलाइन पटाने प्रयास करने पर यह बिल 810 दिखा रहा है। इससे यह साबित होता है कि विद्युत विभाग अंधेरगर्दी के साए में है। ऑनलाइन सुविधा में जनता सिर्फ लूट का शिकार हो रही है। एक तो सरप्लस राज्य में बिजली की दर बढ़ाकर भाजपा सरकार जनता से अन्याय कर रही है, क्योंकि वे अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ देना चाहती है।। कोयला उन्हीं का, सोलर प्लेट उन्हीं का, सरकार जनता को पूंजीपतियों के हाथों पीसने छोड़ दी है। अघोषित बिजली कटौती के साथ-साथ हल्के फुल्के हवा में भी घंटों बिजली बंद आम बात हो गई है। वर्तमान में छग की भाजपा सरकार पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की जनहितकारी 400 यूनिट मुफ्त बिजली योजना को समाप्त कर बिजली का दर बढ़ाकर जो बिल भेजी है। जिससे जनता के पूरे परिवार को जो झटका लगा है।

## प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



भाजपा महिला मोर्चा की नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी का पदभार ग्रहण करने के पश्चात राजनांदगांव में प्रथम आगमन हुआ।

मीडिया सेल के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म जयंती 17 सितंबर से 2 अक्टूबर सेवा पखवाड़ा के रूप में बूथ स्तर पर मना रहे हैं, जिस हेतु सेवा पखवाड़ा महिला मोर्चा को दायित्व मिल रहा है और मिला है, उसको पूरे निष्ठा के साथ करने को कहा। प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी मां पाताल भैरवी का दर्शन किया। इसके बाद भाजपा कार्यालय में महिला मोर्चा ने उनका भव्य स्वागत किया। उनके आगमन पर भाजपा कार्यालय में परिचय एवं भेंट मुलाकात का कार्यक्रम रखा गया है। इसके बाद जिला पंचायत में स्वस्थ नारी सशक्त नारी का कार्यक्रम को संबोधित किया।

इस दौरान कोमल सिंह राजपूत किरण साहू ने भी संबोधित किया। मंच संचालन महिला मोर्चा महामंत्री देव कुमारी साहू ने किया।

## बिरला ओपन स्कूल ने मनाया कृतज्ञता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




वीआईपी रोड़ अनुपम नगर स्थित बिरला ओपन माइंडस प्री स्कूल तथा ओपन माइंडस ऐकेडमी में कृतज्ञता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने समाज में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले डॉक्टर, पुलिसकर्मी, विक्रेता एवं विद्यालय के सहयोगियों (हेल्पर्स) के प्रति आभार व्यक्त किया। बच्चों ने सभी को गुलाब का फूल भेंट कर उनका अभिनंदन किया और उनके योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस विशेष दिवस के आयोजन में स्कूली बच्चे डॉक्टर्स की क्लिनिक, पुलिस कार्यालय एवं मुख्य बाजार में स्वयं जाकर फूल भेंट किया।

विद्यालय की प्रिंसिपल ऋचा ठाकुर ने कहा कि कृतज्ञता केवल एक भावना नहीं, बल्कि जीवन जीने का संस्कार है। बच्चों में यह मूल्य स्थापित करना हमारे लिए गर्व की बात है। उक्त अवसर पर संस्था के डायरेक्टर डॉ. ज्ञानेश श्रीवास्तव तथा अंजू आहूजा ने संयुक्त रूप से अपने संदेश में कहा समाज में सेवा देने वाले प्रत्येक व्यक्ति का सम्मान करना आवश्यक है। इस प्रकार के आयोजन बच्चों को न केवल संस्कारिक करते हैं, बल्कि उन्हें बेहतर नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित भी करते हैं। उन्होंने नौनिहालों में इस तरह की राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता का संचार करने वाले आयोजन निरंतर आयोजित करते रहने की प्रेरणा दी तथा शुभकामनाएं प्रेषित की। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सम्मान, कृतज्ञता और सामाजिक मूल्यों की भावना विकसित करना रहा। बच्चों ने संदेश दिया कि समाज की प्रगाति में प्रत्येक व्यक्ति का योगदान आवश्यक है और हमें उनके प्रति सदैव आभार प्रकट करना चाहिए।

## भाजपा उत्तर मंडल ने वर्धमान नगर अटल परिसर में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सेवा पखवाड़ा के अवसर पर भाजपा उत्तर मंडल द्वारा मंगलवार को वर्धमान नगर स्थित अटल परिसर में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इसके उपरांत वृक्षारोपण का कार्य संपन्न हुआ।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, महापौर मधुसूदन यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक चौधरी, नगर निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश बघेल, अतुल रायजादा, तरुण लहरवानी, पूर्व मंडल महामंत्री हकीम खान, पूर्व नेता प्रतिपक्ष शिव वर्मा, एमआईसी चेयरमैन सावन वर्मा, सुनील साहू, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सज्जन सिंह ठाकुर व प्रखर श्रीवास्तव, भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवीर वाधवा एवं नगर निगम पार्षदगण, डॉ. संदीप भट्टाचार्य, राजेंद्र जैन (बंटू), पूनम शर्मा, डॉ. तेजमाला देशमुख, सरिता उइके, कार्यक्रम प्रभारी प्रेमा सोनकर, पंकज कुंजरेकर, आशु डहरिया, पार्षद रेखा अभय पारख, मंडल पदाधिकारी, महिला मोर्चा पदाधिकारी, युवा मोर्चा पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने अनेक पौधों का रोपण किया। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सेवा पखवाड़ा देशभर में समाज सेवा और जनहित के कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया जा रहा है। वृक्षारोपण जैसे कार्य न केवल पर्यावरण संरक्षण का संकल्प है, बल्कि यह "सेवा ही संगठन" की भावना का सशक्त उदाहरण भी है। भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमीत सिंह भाटिया ने अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## 110 गांव के दिव्यांगजनों को दी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। सेवा पखवाड़ा के पहले दिन समाज कल्याण विभाग राजनांदगांव द्वारा दिव्यांगजनों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने दिव्यांगजन सेवा रथ को कलेक्टोरेट परिसर से रवाना किया गया।दिव्यांगजन सेवा रथ के माध्यम से छुरिया विकासखंड के 110 ग्रामों के दिव्यांगजनों के घर पहुंचकर समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

समाज कल्याण विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा अंतर्गत 20 से 28 सितंबर तक जनपद पंचायतों में दिव्यांगजन सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत 20 सितंबर को जनपद पंचायत डोंगरगढ़, 26 सितंबर 2025 को जनपद पंचायत डोंगरगांव, 27 सितंबर 2025 को जनपद पंचायत छुरिया



एवं 28 सितंबर 2025 को जनपद पंचायत राजनांदगांव में दिव्यांगजन सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में नवीन आधार कार्ड, आधार कार्ड सुधार, आयुष्मान कार्ड, परिवहन पास, अतिरिक्त राशन हेतु नाम जुड़वाना, दिव्यांगजन पेंशन हेतु नवीन आवेदन, दिव्यांग पेंशन सुधार कार्य, दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन आवेदन, सहायक उपकरण आंकलन एवं चिन्हांकन, कृत्रिम अंग आंकलन एवं मापन सहित अन्य सेवाएं प्रदान की जाएगी। दिव्यांगजनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर दिव्यांगजन सेवा शिविर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

## विकसित छत्तीसगढ़@2050 विषय पर संगोष्ठी आयोजित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत महोत्सव के अवसर पर 13 सितंबर को शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में विकसित छत्तीसगढ़@2050 विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे एवं अध्यक्षता छत्तीसगढ़ पर्यटन निगम अध्यक्ष नीलू शर्मा ने किया।



महाविद्यालय की प्राचार्य निर्मला उमरे ने अतिथियों का स्वागत कर अपने वक्तव्य में बताया कि अविभाजित मध्यप्रदेश में प्रचुर संसाधनों के बावजूद भी छत्तीसगढ़ एक पिछड़ा इलाका माना जाता था। छत्तीसगढ़ में अपनी विकास यात्रा के 25 वर्ष पूर्ण कर लेने के बाद यहां का कायाकल्प हो रहा है। धान का कटोरा कहा जाने वाला छत्तीसगढ़ में यहां 2000 से अधिक धान की किस्में हैं। इस राज्य प्राकृतिक संसाधनों से ओतप्रोत है। सांसद पांडे ने अपने संबोधन की शुरूआत राज्य की स्थापना पूर्व के दौर से की, जब छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश का एक पिछड़ा हिस्सा मात्र था। उन्होंने कहा कि उस समय इस क्षेत्र का राजनीतिक प्रतिनिधित्व अत्यंत न्यूनतम था। जिसके कारण स्थानीय मुद्दों जैसे आदिवासी कल्याण, खनिज संसाधनों का उचित उपयोग और बुनियादी विकास की मांगें केंद्र या राज्य स्तर पर अनसुनी रह जाती थी। महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष रवि सिन्हा ने अतिथियों के प्रति धन्यवाद और आभार प्रकट किया। इस अवसर पर कोमल सिंह राजपूत, किशुन यदु, जनभागीदारी के सदस्यगण, शहर के गणमान्य नागरिक, महाविद्यालय स्टाफ और छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

## बालिकाओं को दी सुरक्षा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर एकीकृत बाल विकास परियोजना राजनांदगांव ग्रामीण-2 अंतर्गत ग्राम परसबोड़ स्थित शा.उ.मा.विद्यालय में राष्ट्रीय पोषण माह एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान तथा बालिका सुरक्षा विषय पर किशोरी बालिकाओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया।

जिला मिशन समन्वयक किशोर माहेश्वरी ने व्यक्तिगत सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, नशे से दूरी, अनजान व्यक्तियों से कुछ भी नहीं लेने, सुरक्षित यात्रा एवं साईबर सुरक्षा के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया। राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला, नारा लेखन स्पर्धा का भी आयोजन किया गया है। इसके साथ ही मेधावी छात्राओं का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विमला शर्मा, अंजू प्रभा सिंह ठाकुर, दिशा शिंदे, अर्चना ध्रुव, इंदू टंडन, श्री वर्मा, एके बांधे सहित किशोरी बालिकाएं उपस्थित रही।

### शारीरिक समस्याओं के बारे दी जानकारी

कार्यक्रम में जेंडर विशेषज्ञ नीलम साहू ने गुड टच-बैड टच, पॉक्सो एक्ट, चाईल्ड हेल्प लाइन, नवा बिहान, सखी वन स्टॉप सेंटर, महतारी वंदन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, नोनी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। पोषण आहार विशेषज्ञ कोमल प्रसाद लहरे ने स्थानीय खाद्य पदार्थों एवं मोटे अनाज मिलेट्स की पोषणीय गुणवत्ता सहित पोषण के अभाव में होने वाली बीमारियों एवं शारीरिक समस्याओं के बारे में जानकारी दी एवं उपचार भी बताया। इसके साथ ही रक्ताल्पता की तीनों श्रेणियों गंभीर, माध्यम और सामान्य के विषय में जानकारी प्रदान की गई एवं इसके उपचार के लिए आयरन फोलिक एसिड का नियमित उपयोग करने की सलाह दी गई। शारीरिक कमजोरी, दुर्बलता, चक्कर आना, थकान, जैसे लक्षणों को गंभीरता से लेने और आयरन सहित अन्य पोषक आहार लेने की सलाह दी गई। इसके दूसरे कारकों में शरीर में ऑक्सीजन का प्रवाह और रूधिर प्रवाह को महत्वपूर्ण बताया गया। इसे उत्तम स्वास्थ्य का परिचायक बताया गया।

## सार समाचार

### पीएमश्री स्कूल कोपेडीह में अव्यवस्था

**राजनांदगांव।** ग्राम कोपेडीह (देवादा-अंजोरा) में पीएमश्री स्कूल में अस्वच्छता और असुविधा चरम सीमा पार कर चुका है। प्रशासन आंख बंद कर शासकीय संस्था को तिलांजलि देने पर अड़ा है। ताजा मामला ग्राम कोपेडीह पंचायत के अंतर्गत आने वाले पीएमश्री स्कूल का है, जहां शौचालय और मूत्रालय जाने के रास्ते पर गड्ढा खोदकर 6 माह से छोड़ दिया गया है। जिसमें आज एक बच्चे के पैर में गंभीर चोंट लगी है। जिसमें 7 टांके लगे हैं। इनसे पहले भी बहुत से बच्चे इस गड्ढे में गिरकर चोटग्रस्त हो गए है।



जानकारी अनुसार शाला परिसर में अर्द्धनिर्मित बिल्डिंग है, जो बच्चों के लिए मूत्रालय बना हुआ है। जिसमें गंदगी हो गई। बड़े-बड़े घास उग आए हैं। बारिश के मौसम में जीव-जन्तु के काटने का खतरा बढ़ जाता है। जिससे जान-माल का खतरा बना हुआ है, जिस पर स्थानीय प्रशासन, शिक्षा विभाग एवं शिक्षकों को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

### दर्शन के लिए पदयात्रा कर पहुंची जिपं अध्यक्ष

**राजनांदगांव।** तीन संकल्पों को लेकर दुर्ग जिले के जामुल से पदयात्रा कर रही जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे आज राजनांदगांव पहुंची। यहां उन्होंने शहर के बागेश्वर धाम मंदिर में अपने महिला जत्थे के साथ कुछ देर विश्राम किया और फिर देर शाम अपनी पदयात्रा शुरू की। इस दौरान मंदिर समिति द्वारा उनका सम्मान किया गया।



बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ, नारी सशक्तिकरण और सनातन धर्म की रक्षा का संकल्प लेकर दुर्ग जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने जामुल से डोंगरगढ़ तक 100 किलोमीटर की पदयात्रा शुरू की है। लगभग 50-60 महिलाओं के साथ उनकी पदयात्रा आज राजनांदगांव पहुंची, जहां नेशनल हाईवे पर स्थित बागेश्वर धाम मंदिर में पदयात्रियों ने विश्राम किया। इस दौरान अहिवारा विधायक डोमनलाल कोसेवाड़ा भी पहुंचे। जिला पंचायत अध्यक्ष सहित महिलाओं की इस पदयात्रा की उन्होंने सरहाना की। वहीं पदयात्रियों के लिए पंडाल लगाकर सेवा करने वाली समितियां द्वारा किए जा रहे कार्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। विधायक ने कहा कि वह भी मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए जा रहे हैं।

### सिंघोला शक्तिपीठ में ज्योति कलश प्रज्जवलित

**राजनांदगांव।** शहर से लगे मां भानेश्वरी देवी शक्तिपीठ में वर्ष के दो पर्व रामनवमी और दुर्गा नवमी में ज्योति प्रज्जवलित की जाती है। जिसमें ज्योति प्रज्जवलित घी में 1501 रुपए, तेल 1101 रुपए राशि जमा कर मां की चरण बिंदु पर मां की प्रेम पुष्प अर्पित करते हैं। कार्यक्रम के तहत दीप प्रज्जवलित 24 सितंबर को किया गया। पंचमी कलश स्थापना 28 सितंबर को, हवन यज्ञ पूजन एवं पूर्णहूती 1 अक्टूबर को और ज्योति जंवारा विसर्जन और शोभायात्रा 2 अक्टूबर को संपन्न होगा। समिति के दिलीप कुमार ठाकुर, नंद नरेंद्र साहू, भोजराम साहू, सुरेश साहू, रोशन साहू, कुबेर साहू, लखन साहू, पुरानिक राम, रामबिलास, अमर सिंह, भुवन सहित ग्रामीणजनों ने नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी।



### सीएआईटी छत्तीसगढ़ कार्यालय का शुभारंभ

**राजनांदगांव।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) छत्तीसगढ़ के नवीन कार्यालय का भव्य शुभारंभ आयोजित किया गया। जिसमें जिला राजनांदगांव की टीम ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। कार्यक्रम में व्यापार जगत के कई वरिष्ठ और गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। शुभारंभ अवसर पर राजनांदगांव की टीम ने अपने वरिष्ठ सदस्य अमर पारवानी को जन्मदिन की बधाई भी दी। इस अवसर पर संरक्षक अनिल बरडिया, शरद अग्रवाल, अशोक पांडे, राजू डागा, भावेश अग्रवाल, ओमप्रकाश भूतड़ा, संजय तेजवानी, प्रकाश कांकरिया, संजय जैन आदि शामिल थे।



कार्यक्रम में व्यापारिक एवं सामाजिक विकास की दिशा में नई पहल की घोषणा की गई और सदस्यों ने नए कार्यालय की सफलता एवं व्यापारिक वातावरण को और अधिक सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया।

शुभारंभ समारोह में सदस्यों ने कहा कि सीएआईटी का यह नया कार्यालय व्यापारियों के हित में सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान करेगा। उक्त जानकारी लक्ष्मण लोहिया मीडिया प्रभारी ने दी।

### एनपीएस की छात्रा राष्ट्रीय स्तर पर चयनित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ ट्रायथलान एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय एक्वाथलन सब जूनियर में 3 किलोमीटर रनिंग एवं 350 मीटर स्वीमिंग में नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री कक्षा 8वीं की छात्रा छवी शर्मा आत्मज नरेश पुनीता शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इनके शानदार प्रदर्शन से उनका चयन नेशनल ट्रायथलॉन में हुआ है, जो मध्यप्रदेश के भोपाल में 10 से 12 अक्टूबर को आयोजित होगा।



इनकी इस उपलब्धि पर नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री के शाला निदेशक मंडल, प्राचार्य भारती गौते एवं खेल विभाग सहित शाला परिवार ने इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी।

### सोसायटी के सचिव करण निफा से सम्मानित

**राजनांदगांव।** केयर गार्डन वेलफेयर सोसाइटी राजनांदगांव के प्रदेश सचिव करण कश्यप ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और राजनांदगांव का नाम रोशन किया। सुप्रसिद्ध अखिल भारतीय संस्था निफा (नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट एंड एक्टिविस्ट) द्वारा उन्हें यूथ अचीवर यूथ चेंजर मेकर अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह भव्य आयोजन 21 से 24 सितंबर को दिल्ली के भारत मंडपम में और हरियाणा के करनाल में संपन्न हुआ। यह सम्मान केवल उनके लिए नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिए गौरव का विषय बन गया है। केयर गार्डन वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष आशीष सिन्हा ने बधाई देते शुभकामनाएं दी।



# दशहरा पर्वः असीस के गीतों से गूंजेगा म्युनिसिपल स्कूल मैदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



विजयादशमी पर्व के मौके पर इस वर्ष भी म्युनिसिपल स्कूल मैदान में भव्य आयोजन होने जा रहा है। छत्तीसगढ़ जनमहोत्सव समिति द्वारा आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में इस बार मुंबई की असीस कौर अपनी शानदार प्रस्तुति देने राजनांदगांव पहुंच रही है। आयोजन समिति ने कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने के लिए समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें छत्तीसगढ़ जनमहोत्सव समिति के प्रमुख सदस्यों ने पिछले अनुभवों के आधार पर विजयादशमी महोत्सव को और बेहतर बनाने अपने सुझाव दिए।

आयोजन समिति के अध्यक्ष सौरभ कोठारी ने बताया कि बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक विजयादशमी पर्व को धूमधाम से मनाने छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति द्वारा इस बार व्यापक तैयारियां की जा रही है। उन्होंने बताया कि आयोजन का यह शानदार 18वां वर्ष है। श्री कोठारी ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देने मुंबई से असीस कौर आ रही है। कौर पहली बार कपूर एंड संस के रोमांटिक हिट गाने बोलना से सुर्खियों में आई थी। इसके बाद उन्होंने हिंदी, पंजाबी और हरियाणवी भाषा में कई सुपरहीट गाने दिए।

बताया गया कि कौर ने पांच साल की उम्र से ही संगीत की दुनिया में कदम रख दिया था। वह गुरबानी और सूफी परंपराओं में निहित एक संगीतमय रूप से समृद्ध परिवार से तालुकात रखती है। संगीत की दुनिया में अपना कदम बढ़ाते उन्होंने खुद को लाइव कलाकार के रूप में प्रतिष्ठित किया और धीरे-धीरे विश्व विख्यात हो गई। कौर लंदन में प्रतिष्ठित एरिना, दुबई एक्सपो और दुबई में कोका कोला एरिना में अपनी आवाज की जादू का जलवा बिखेर चुकी है और अपनी स्वर की कला का लोहा मनवा चुकी है। उनके कुछ फेमस ट्रैक जैसे वे माही (केसरी), आंख लड़ जावे (लवयात्री), तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया (टाइटल ट्रैक), मखना (ड्राइव) और उनका हालिया हिट इश्क में (नादानियां) शामिल हैं। इन गानों का युवाओं के बीच अलग ही क्रेज है। असीस ने अपनी आवाज से धार्मिक और भक्ति संगीत को भी धार दी है। जिसमें सतनाम वाहेगुरु, कृष्णा तेरी हो गई जैसे गाने और शबद (पंजाबी आध्यात्मिक मंत्र) शामिल हैं।

#### 61 फीट का रावण होगा आकर्षक

सौरभ कोठारी ने बताया कि कार्यक्रम में मुंबई के आतिशबाजों की टीम इस वर्ष भी बेहतरीन नयनाभिराम, रोमांचक आकाशीय आतिशबाजी का प्रदर्शन करेंगे। खास बात यह है कि आतिशबाजी में इस बार एआई तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। वहीं विजयादशमी महोत्सव का विशेष आकर्षण लगभग 61 फीट का आकर्षक रावण होगा।

#### लगाए जा रहे सीसीटीवी कैमरे

समिति के मीडिया प्रभारी विनय बिंदल, अजय सोनी, रघु शर्मा एवं मुकेश शर्मा के अनुसार दर्शकों की सुविधा के लिए प्रतिवर्षानुसार आमंत्रण पत्र व निःशुल्क पास वितरित किए जाएंगे। इस वर्ष कुर्सियों की संख्या बढ़ाई जा रही है। वहीं ट्रैफिक व्यवस्था को ध्यान में रखते पास में गेट नंबर अंकित किए जाएंगे। इसके अलावा दर्शकों को फैमिली पास में परिवार के साथ ही प्रवेश दिया जाएगा। दर्शकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते कार्यक्रम स्थल एवं प्रवेश द्वारों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जा रहे हैं।

## दिन की तुलना में रात के समय अधिक भीड़

# डोंगरगढ़ की ट्रेनों में यात्रियों की भीड़, रोज बुक हो रहे हजारों टिकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवरात्रि पर मां बम्लेश्वरी के दरबार में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। पहले दिन से ही बड़ी संख्या में लोग रोजाना डोंगरगढ़ पहुंच रहे हैं। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए दर्जन से अधिक ट्रेनों का परिचालन दिनभर में डोंगरगढ़ के लिए किया है। इसके बावजूद भीड़ कम नहीं हो रही है।

आलम यह है कि ट्रेन से डोंगरगढ़ जाने के लिए यात्रियों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। माता के दर्शन के लिए भीड़ में धक्के खाते हुए लोग सफर करने को मजबूर हैं। स्टेशन पर सुबह 7 से रात 9 बजे तक हर एक से दो घंटे के बीच यात्रियों को डोंगरगढ़ के लिए ट्रेन की सुविधा मिल रही है।



#### स्टेशनों में बढ़ाई गई सुविधाएं

राजनांदगांव और डोंगरगढ़ के आसपास के स्टेशनों से बड़ी संख्या में हर दिन लोग माता के दरबार में पहुंच रहे हैं। ऐसे में ट्रेनों में देवी दर्शन करने वालों की भीड़ दोगुना से ज्यादा बढ़ गई है। इसे देखते हुए स्टेशन में अलग शिफ्टों में सुरक्षा जवानों को प्लेटफार्म और स्टेशन परिसर में तैनात किया गया है। डोंगरगढ़ मेले के दौरान रायपुर स्टेशन में सुविधाएं बढ़ाई गई है। स्टेशनों में मेले के दौरान यात्रियों के लिए आकस्मिक चिकित्सा के लिए बॉक्स, डॉक्टर, ड्रेसर, एम्बुलेंस, व्हील चेयर, स्ट्रेचर आदि की व्यवस्था भी की गई है।

#### ट्रेनों में ठसाठस भीड़

नवरात्रि के दूसरे दिन से ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। हावड़ा रूट की ट्रेनों में बिलासपुर की ओर सबसे ज्यादा दबाव देखा गया। वहीं नागपुर रूट की ट्रेनों में डोंगरगढ़ जाने वाले यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। दिन के समय लोकल ट्रेनों में भीड़ सामान्य है, लेकिन रात में अधिक है। पंचमी से यह भीड़ और ज्यादा बढ़ने की संभावना है। वंदेभारत एक्सप्रेस में भी वेटिंग शुरू हो चुकी है। यात्री डोंगरगढ़ के लिए अब पहले से टिकट खरीद रहे हैं।

#### ट्रेनों में वेटिंग 80 से 100 के बीच

पिछले दो दिनों में ट्रेनों में सर्वाधिक भीड़ देखने को मिली। डोंगरगढ़ से भी वापसी में यात्रियों को भारी भीड़ का सामना करना पड़ रहा है। एक्सप्रेस ट्रेन में यात्री कंफर्म सीट के लिए रिजर्वेशन करा रहे हैं, लेकिन ज्यादातर ट्रेनों में वेटिंग से 100 के बीच है। वंदे भारत में नवरात्रि के अवसर पर डोंगरगढ़ जाने के लिए काफी यात्री मिल रहे हैं।

#### पूजा स्पेशल की सुविधा

नवरात्रि, दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व पर पूजा स्पेशल मेमू ट्रेन (06883/06884) का परिचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 06884 पूजा स्पेशल मेमू ट्रेन कोरबा से प्रतिदिन 25 सितंबर से 03 अक्टूबर तक सुबह 05.30 बजे प्रस्थान कर दोपहर 14.21 बजे डोंगरगढ़ पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 06883 पूजा स्पेशल मेमू ट्रेन नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी से प्रतिदिन 25 सितंबर से 03 अक्टूबर 2025 तक प्रातः 05.00 बजे प्रस्थान कर 09.50 बजे डोंगरगढ़ पहुंचेगी।

### युवक से लूट, चाकू की नोक पर छीना चैन और नगदी

- मनगटा वन चेतना घूमने गया युवक लूट का शिकार

**राजनांदगांव।** सोमनी के मनगटा स्थित वन चेता केंद्र घूमने गए एक युवक से चाकू की नोक पर लूट का मामला सामने आया है। युवक से आरोपियों ने चाकू दिखाकर चांदी की चैन, दो मोबाइल सहित नगद रकम लूट ली है। शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हालांकि बीच रास्ते में हुई घटना के चलते सीसीटीवी फुटेज मिलने में दिक्कते आ सकती है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी युवक रवि कुमार वर्मा निवासी ग्राम फत्तेपुर थाना ठेलकाडीह ने शिकायत दर्ज कराया है कि वह बाइक में सवार होकर मनगटा वनचेतना केन्द्र घूमने आया था। चेतना केन्द्र में घूमकर वह वापस अपने घर लौट रहा था। इस दौरान मरसपोटा धाम ग्राम झुरडबरी के पास दोपहर 1.30 बजे पीछे से दो बाइक में सवार चार अज्ञात लोग पहुंचे और प्रार्थी के बाइक को रोककर उसके गले में चाकू टिका दिए। इस दौरान आरोपियों ने प्रार्थी से रकम की मांग करने लगे। इसके बाद जान से मारने की धमका देकर प्रार्थी रवि कुमार के जेब से पर्स में रखे 1700 रुपए नगदी, दो नग मोबाइल और गले में पहने चांदी के चैन, हाथ में पहने घड़ी सहित अन्य सामान लूट कर मौके से फरार हो गए। पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में जुटी है।

### दाई बमलाई पंचमी भेट आज

**राजनांदगांव।** लंबे समय से चली आ रही परंपरा के अनुसार गोंडवाना गोंड समाज डोंगरगढ़ द्वारा आज दाई बमलाई पंचमी भेंट का आयोजन प्राचीन बूढ़ादेव गुफा से गढ़ की दाई बमलाई तक किया जा रहा है। इसकी शुरूआत आज दोपहर तीन बजे होगी। गोंडवाना गोंड समाज ने लोगों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# आयुर्वेद दिवस पर जनजागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं एनसीआईएसएम के निर्देशानुसार महावीर कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साइंस सुंदरा राजनांदगांव में उत्साह एवं उमंग के साथ 17 से 23 सितंबर तक महाविद्यालय परिषर में आयुर्वेद दिवस एवं स्वास्थ्य से संबंधित जनजागरूकता अभियान चलाया गया। 22 सितंबर को आयुष आहार का प्रदर्शनी आयुर्वेदिक छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एसपी मोहित गर्ग, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा, डीन डेंटल कॉलेज सुंदरा, अध्यक्ष युथ फाउंडेशन ऑफ इंडिया एनसी पारख एवं महाविद्यालय प्रबंधन के सदस्यगण उपस्थित रहे।

महाविद्यालय के डीन डॉ. एसके नंदा द्वारा मुख्य अतिथि को बताया गया कि आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में जन जागरूकता स्वास्थ्य रैली अलग-अलग स्कूल में जाकर आयुर्वेद की चर्चा, ग्राम पंचायत पदुमतरा में विशाल स्वास्थ्य मेला लगभग 600 मरीजों का निःशुल्क इलाज एवं वृद्धा आश्रम में स्वास्थ्य परीक्षण एवं उनके साथ आयुर्वेद की चर्चा, महाविद्यालय परिषर में 200 से अधिक औषधीय पौधों का वृक्षारोपण, कैंसर के रोकथाम हेतु रंगोली द्वारा प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन वैज्ञानिक सत्र के साथ किया गया। जिसमें खराब जीवनशैली से होने वाले प्रमुख रोग मधुमेह के निदान, लक्षण व उपचार के विषय में विस्तृत जानकारी छात्र-छात्राओं को डीन डॉ. एसके नंदा द्वारा दी गई।



#### उपयोगिता पर की चर्चा

एसपी गर्ग ने विभिन्न प्रकार के आयुर्वेदिक आहार जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, अम्लपित्त का उपचार करने वाले आयुष आहार की जानकारी ली। 23 सितंबर को आयुर्वेद दिवस पर मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय की उपस्थिति रही। जिनका स्वागत महाविद्यालय के अध्यक्ष एनसी पारख, उपाध्यक्ष एसके बोद्दुनु, सचिव संजय गोलछा ने पुष्प गुच्छ देकर किया। मुख्य अतिथि सांसद पांडे ने आयुर्वेद की विस्वा में सहभागिता एवं कोरोना के समय आयुर्वेदिक काढ़ा की क्या उपयोगिता थी, इस पर चर्चा की। साथ ही महाविद्यलय द्वारा की जा रही स्वास्थ्य से संबंधित गतिविधियों पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### राज्य स्तरीय शिविर 27 को

**राजनांदगांव।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में 27 सितंबर को सुबह 10 बजे से अक्टूबर माह में रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय रोजगार मेला में शामिल होने के लिए पंजीयन एवं साक्षात्कार हेतु मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में राज्य स्तरीय रोजगार मेला में शामिल होने वाले इच्छुक युवाओं को ई-रोजगार पोर्टल में पंजीयन तथा साक्षात्कार की तैयारी हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाएगा। शिविर में प्रशिक्षण सत्र 2022, 2023, 2024 एवं 2025 में आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक दस्तावेज, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन तथा दो पासपोर्ट साईज फोटो, बायोडाटा के साथ सम्मिलित हो सकते हैं।




### 6 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर शाला का प्रतिनिधित्व करेंगे

**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल के छह प्रतिभाशाली जूडो खिलाड़ियों ने सीबीएसई राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में अपनी जगह पक्की कर ली है। ये छात्र अब राजस्थान के श्रीगंगानगर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय चौंपियनशिप में छत्तीसगढ़ और अपने स्कूल का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रियांशु नाग, झविन्द्र बघेल, वंदिता रावटे, अश्विनी गावड़े, सुहानी ताती और आर्ची जैन हैं। इन सभी ने हाल ही में आयोजित सीबीएसई फॉर ईस्ट जोनल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालीफाई किया है। उनकी यह उपलब्धि न सिर्फ उनके कठोर परिश्रम का परिणाम है, बल्कि उनके प्रशिक्षकों और अभिभावकों के समर्थन का भी प्रमाण है। यह राष्ट्रीय जूडो चैम्पियनशिप श्रीमान संत ईशर सिंह महाराज एकैडमी कामिनीपुर श्रीगंगानगर राजस्थान में आयोजित की जा रही है। स्कूल प्राचार्य रेखा तिवारी ने छात्रों को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी।

# ग्रामीण बैंक में चोरी का प्रयास रिकार्डर व डीवीआर ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छुरिया ब्लॉक के भोलापुर स्थित जिला सहकारी ग्रामीण बैंक में चोरी की वारदात का प्रयास हुआ है। घटना को अंजाम देने आए चोर अपने साथ बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरा के रिकार्डर व डीवीआर को उखाड़कर ले गए हैं। प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में जुटी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार-गुरुवार की रात को अज्ञात चोर भोलापुर स्थित छत्तीसगढ राज्य ग्रामीण बैंक के शटर का ताला तोड़ कर अंदर घुसे और चोरी करने का प्रयास किया। चोरी में असफल चोरों द्वारा कमरा में लगे सीसीटीवी कैमरा के रिकार्डर व डीवीआर को उखाड़कर ले गए है। मिली जानकारी के अनुसार बैंक में चोरी करने पहुंचे चोर इतने शातिर हैं कि मौके पर कोई भी साक्ष्य नहीं छोड़ा है।

#### अपने साथ ले गए ताला

जिस तरह से इस घटना को अंजाम देने की कोशिश की गई है, उससे यह माना जा रहा है कि शामिल आरोपी आदतन चोर हैं। बताया गया कि चोर शटर में लगे ताला को काटकर अपने साथ ले गए हैं। वहीं मौके पर किसी के फिंगर प्रिंट के निशान भी नहीं मिले हैं। पुलिस द्वारा मौके पर फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट, डॉग स्क्वायड की मदद से भी जांच की गई है, लेकिन किसी प्रकार का सुराग नहीं मिला है।

# कृष्णाय ड्रीम होम में पूरे होंगे आवास के सपने

बिजनेस प्लस

**राजनांदगांव।** शहर के एनएच- 53 पर नागपुर रोड रेवाडीह के समीप कृष्णाय ड्रीम होम द्वारा इस नवरात्रि लोगों को अपने सपनों के घर में निवेश करने का सुनहरा अवसर दिया जा रहा है। यहां सर्व सुविधायुक्त रेरा अप्रूव्ड आवासीय प्लाट में लोगों को अपना आशियाना बनाने फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है यहां महज 800 स्क्वायर फीट से ही प्लाट की साइज चालू है। शहर में कम कीमत पर प्लाट खरीदने के लिए कृष्णाय बेहतर ऑफर लेकर आया है। अगर आप आवासीय प्लाट खरीदने की सोच रहे हैं और कोई बेहतर सुविधायुक्त कॉलोनी नजर नहीं आ रही है, तो कृष्णाय आपकी सोच और जरूरत को पूरी कर सकता है।

#### महत्वपूर्ण संस्थान से चंद किलोमीटर

कृष्णाय ड्रीम होम से मेडिकल कॉलेज महज डेढ़ किलोमीटर, होटल राज इंपीरियल 500 मीटर, पाताल भैरवी मंदिर 1.9 किलोमीटर, केंद्रीय विद्यालय 2.4 किलोमीटर, कॉलेज 2 किलोमीटर, कलेक्ट परिसर ढाई किलोमीटर की पहुंच में है।

#### सुविधा और विशेषता

रेरा अप्रूव्ड आवासीय प्लाट, 25, 30 और 40 फीट चौड़ी सीसी रोड, गार्डन, भूमिगत जल आपूर्ति, अंडरग्राउंड बिजली सुविधा, ड्रेनेज सिस्टम की बेहतर व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा और 24 घंटे सुरक्षा गार्ड, आवासीय परिसर के चारों ओर बाउंड्रीवॉल, स्ट्रीट लाइट मंदिर और अन्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है।






खबर संक्षेप

## कंझेटा स्कूल में स्वच्छता ही सेवा अभियान संपन्न


**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंझेटा में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्कूल परिषर में साफ-सफाई, श्रमदान व स्वच्छता की शपथ दिलायी गई। उक्त स्वच्छता कार्यक्रम में सरपंच भागीरथी सोनवानी, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मोहन चंद्रवंशी, प्राचार्य संजय वैष्णव एवं छात्र-छात्राओं के साथ समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थें। इस स्वच्छता कार्यक्रम में मोहन चंद्रवंशी ने आह्वान किया कि स्वच्छता को ही सेवा मानकर हमें अपने आसपास को साफ स्वच्छ रखना है।

# प्रबुद्धजन सम्मेलन में विशिष्ट व्यक्तित्व का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 सितंबर को जन्मदिन के अवसर को 140 करोड़ देशवासियों को समर्पित करते हुए 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़े के तहत आज सिंधु भवन हेमू कालानी नगर में प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन हुआ( जिसमें विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा एवं औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे।

मुख्य वक्ता के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मोदी का अद्भुत कुशल नेतृत्व न केवल देश में, बल्कि समूचे ब्रह्मांड में अद्वितीय है, उनकी विशिष्ट शैली उन्हें औरों से बेहतर बनाती है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद करते हुए डॉ. रमन सिंह ने कहा कि अंत्योदय के सिद्धांत के आधार पर ही आज केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाएं चल रही है। जिसका लाभ देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है और गरीबों के कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सरकार द्वारा क्रियान्वयन कर मोदी भारत मां की सेवा कर रहे हैं। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि लाल किले के प्राचीर से जब मोदी ने शौचालय निर्माण की बात की थी तो उन्हें भी आश्चर्य लगा था कि देश के प्रधानमंत्री शौचालय के लिए क्यों बोल रहे हैं, परंतु बाद में जब गांव-गांव में करोडों शौचालय बनने लगे और स्वच्छता अभियान के कारण गांव के लोगों ने शौचालय का उपयोग किया तो बीमारियां घटने लगी। उन्होंने कहा कि आज विश्व के सभी देशों की जीडीपी तीन से पांच परसेंट तक सीमित है सिर्फ भारत ही ऐसा देश है, जो मोदी के नेतृत्व में लगातार अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में वृद्धि कर रहा है। उन्होंने मोदी की समग्र सोच को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।



### फिर से सोने की चिड़िया बनेगा भारत

सम्मेलन में योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिंह ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश लोकल का वोकल प्रोत्साहित करते हुए तेजी से आगे बढ़ रहा है, अगर सभी लोग स्वदेशी अपनाएं तो हमें विदेशी वस्तुओं की ओर देखना नहीं पड़ेगा और हम आत्मनिर्भर होकर देश को पुनः सोने की चिड़िया बना सकते हैं। संचालन अमर लालवानी एवं राजा माखीजा तथा आभार प्रदर्शन आलोक बिंदल, योगेश बागड़ी एवं राजेश खांडेकर ने किया।

### दिव्यांगजनों एवं कुशल व्यक्तित्व का सम्मान किया

सम्मेलन में विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान किया गया। जिसमें दिव्यांगजनों की कुशल प्रतिभा के लिए उनका विशेष रूप से सम्मान किया गया । मोदी सोच के अनुरूप आज ईश्वर की विशेष कृति दिव्यांगजनों को अपने कौशल प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। जिसमें दृष्टि बाधित भूपेश देशलहरा को पैराओलंपिक जूडो हेतु सम्मानित किया। चित्रभान गावडे को राष्ट्रीय शतरंज एवं छत्तीसगढ़ लोक कला के लिए सम्मानित किया गया। नरेंद्र देवदास को अस्थि बाधित होने के बावजूद पैरालंपिक क्रिकेट का प्रतिनिधित्व करने पर उन्हें सम्मानित किया गया । मूकबधिर दीपचंद साहू को शानदार डिजिटल पेंटिंग के लिए सम्मानित किया गया। ओलंपिक जीतकर आने वाले शीतलेश पटेल का भी सम्मान किया गया। आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत वोकल फॉर लोकल के लिए श्रीमती गुरुवचन कौर सावलानी का कृपाल केला चिप्स एवं घरेलू प्रोडक्ट को लघु उद्योग में बदलने हेतु .सम्मान किया गया।

### डॉ. रमन का किया सम्मान

इस अवसर पर जीएसटी की दरें सरकार द्वारा कम करने पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष कमलेश बैद के नेतृत्व में व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल ने डॉ. रमन सिंह का सम्मान किया। चेंबर ऑफ कॉमर्स के विनोद डड्डा ,तरुण लहरवानी एवं दीपक नवलखा ने कहा कि जीएसटी में इनपुट क्रेडिट की सुविधा से नगदी प्रवाह बेहतर होगा और कारोबार में मुनाफा बढ़ने के साथ उपभोक्ताओं को भी रोजमर्रा की वस्तुओं पर कम कीमतों का लाभ मिलेगा ।

### गरीबों का सपना किया साकार

सम्मेलन में औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधारो का खुले दिल से स्वागत किया। उनका कहना था कि न ही टैक्स दरें प्रदर्शित सरलता और डिजिटल प्रक्रियाओं के चलते व्यापार को नई दिशा देगी। जीएसटी की दरों में कमी आने से न केवल व्यापार की गति बढ़ेगी, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान होगा।

## कलेक्टर व जिपं अध्यक्ष ने रैली में हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

# सेवा पखवाड़ा दिवस पर शहर में निकाली भव्य नशामुक्ति रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सेवा पखवाड़ा दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन, समाज कल्याण विभाग एवं रेडक्रॉस सोसायटी कबीरधाम के संयुक्त तत्वाधान में नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत एक विशाल नशामुक्ति रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ स्वामी करपात्री मैदान आउटडोर स्टेडियम से जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया और स्वयं भी रैली में शामिल होकर लोगों को नशा छोड़ने का संदेश दिया।

रैली स्वामी करपात्री स्टेडियम से प्रारंभ होकर पीजी कॉलेज रोड, आदर्श नगर, सिग्नल चौक, भारत माता चौक होते हुए पुनः करपात्री स्टेडियम पहुंची। पूरे मार्ग में नशा छोड़ो, जीवन संवारो जैसे नारों की गूंज रही। रैली के पश्चात करपात्री स्टेडियम में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस दौरान नशा मुक्ति का शपथ भी दिलाई गई।

कलेक्टर ने कहा कि नशा किसी भी रूप में समाज और व्यक्ति दोनों के लिए घातक है। यह न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार की खुशियों और भविष्य को भी अंधकार की ओर धकेल देता है। आज की युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहकर अपने जीवन को नई दिशा देनी होगी। नशे से बचकर ही वे अपने सपनों को साकार कर सकते हैं और समाज के विकास में सार्थक योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। यदि हमारी युवा शक्ति नशे से मुक्त रहेगी तो निश्चित ही हमारे जिले और प्रदेश का भविष्य उज्ज्वल होगा। उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति संकल्प ले ले कि वह नशा नहीं करेगा और न ही अपने आसपास किसी को नशे की ओर जाने देगा, तो निश्चित ही आने वाले समय में हमारा समाज पूरी तरह नशामुक्त और सशक्त होगा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं चेयरमेन, रेडक्रॉस सोसायटी डॉ सियाराम साहू, सभापति जिला पंचायत वीरेन्द्र साहू, सभापति जिला पंचायत मनीराम साहू, अध्यक्ष नगर पालिका चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, अध्यक्ष प्रतिनिधि जिला पंचायत गनपत बघेल, पार्षद प्रतिनिधि कैलाश कौशिक तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अजय त्रिपाठी, उपसंचालक समाज कल्याण श्रीमती अभिलाषा पण्डा सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थें।

### बच्चों व युवाओं को नशे से दूर रखने की जिम्मेदारी उठानी होगीः साहू



जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने हमें अपने बच्चों और युवाओं को नशे से दूर रखने की जिम्मेदारी उठानी होगी। उन्होंने कहा कि भारत की असली ताकत उसकी युवा पीढ़ी है। यदि हमारे युवा नशे से मुक्त होकर शिक्षा, खेल, उद्यम और सामाजिक कार्यो में आगे बढ़ेंगे तभी हमारा जिला हमारा राज्य और हमारा देश आत्मनिर्भर और समृद्ध बन पाएगा। श्री साहू ने विशेष रूप से कहा कि नशामुक्त समाज ही सशक्त समाज होता है। इस अभियान को केवल प्रशासनिक प्रयास तक सीमित न रखकर हमें इसे जन-जन का अभियान बनाना होगा। हर गांव, हर मोहल्ला, हर विद्यालय और हर परिवार को इसमें सक्रिय सहयोग देना होगा।

# झमाझम बारिश से धान फसल प्रभावित होने की आशंका, क्षेत्र के किसान चिंतित

- ग्रामीण किसान फसल सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर



शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों धान फसल की बालियां पककर तैयार हो रही हैं, लेकिन बंगाल की खाड़ी में बने मौसम सिस्टम और अचानक छाए बादलों की उथल-पुथल तथा हल्की तेज बारिश ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी है। क्षेत्र में गरज और बिजली के साथ आए तूफानी मौसम ने धान की फसल को गिरा दिया है, जिससे किसानों को भारी नुकसान होने की आशंका बनी हुई है।

ग्रामीण किसानों ने बताया कि हल्की तेज बारिश के चलते खेतों में खड़ी धान की फसल गिर गई है। खासकर धान हरुना व हाइब्रिड किस्म की धान की पैदावार पर गहरा असर पड़ने की आशंकी बनी हुई है। साथ ही साथ पानी भर जाने से फसल की क्वालिटी खराब होने का आशंकी भी बढ़ गया है, जिससे समर्थन मूल्य पर धान बेचने में किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसान अब राज्य सरकार और संबंधित विभाग से धान फसल क्षतिपूर्ति की मांग कर रहे हैं, ताकि उनके नुकसान की भरपाई हो सके। वर्तमान में मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है, लेकिन यदि अधिक वर्षा होती है, तो फसल पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। जिस पर ग्राम नाऊडीह, जेवड़न खुर्द, दौजरी, सारंगपुर खुर्द और आसपास क्षेत्र के ग्रामीण किसान अपने खेतों और पैदावार की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं।

## कामठी स्कूल में स्वच्छता-पखवाड़ा श्रमदान शपथ कार्यक्रम संपन्न



**हरिभूमि कुई कुकदूर।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दीपा पप्पू धुर्वे एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष द्वारका विश्वकर्मा के मुख्य आतिथ्य में स्वच्छता श्रमदान व स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम में सभी अतिथियों व शिक्षक शिक्षिकाओं तथा छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता श्रमदान करके विद्यालय प्रांगण के आसपास व विद्यालय की साफ-सफाई किया गया तथा विद्यालय की व्याख्याता मनोज कुमार आदित्य द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर अतिथिगण, नागरिकगण तथा शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

//ईश्तहार//

रा.प्र.क्र./ ई. पंजी./202509082200035/अ 20 (1), वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुरूषोत्तम आ. झाड़ू सतनामी साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्रं.-21 भू-खण्ड क्रं. 28 क्षेत्रफल 165.00 व.मी. जो नजूल जांच पंजी में धारक धनसाय आ. लगुन, झाड़ू आ. धनसाय सतनामी साकिन कवर्धा के नाम पर दर्ज है। मूल धारकगण धनसाय की मृत्यु दिनांक 02.10.2002 को एवं झाड़ू की मृत्यु दिनांक 23.09.2008 को तथा उनकी पत्नि की भी मृत्यु हो जाने से आवेदक द्वारा उक्त भू-खण्ड में से क्षेत्रफल 126.10 व.मी. का वारिसान हक से पुरुषोत्तम (स्वयं) एवं अंजली के नाम पर निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव निर्धारण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 06/10/2025 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 18/9/2025 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 18/09/2025
पेशी दिनांक 06/10/2005

मुहर

नजूल अधिकारी
कबीरधाम

## कारखाना प्रबंधक के साथ की विशेष मुलाकात



**हरिभूमि कोलेगांव।** बुधवार को समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ के प्रतिनिधि मंडल ने सामने त्यौहार दशहरा, दीपावली जैसे त्यौहार पर भी किसान का मूल-राशि गन्ना का अभी तक नहीं होना दुर्भाग्य जनक है। जिस पर समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ प्रतिनिधि मंडल ने कारखाना प्रबंधके के साथ विशेष मुलाकात की गई। जिसमें गन्ना फसल की शेष राशि, बोनस, रिकवरी, एक मुश्त दिवाली के पहले किसानों के खाते में नहीं डाला गया तो समृद छत्तीसगढ़ किसान संघ के अगुआई में उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। कारखाना प्रबंधक ने आश्वासन किया कि दिवाली के पहले किसानों के खाते में गन्ना का बोनस रिकवरी, मूल राशि भुगतान कर दिया जाएगा। समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ ने अवगत कराया की आप जो पिछले सत्र में गन्ना आपूर्ति किए गए किसानों को शेयर देने की बात कही है, उस किसान को शेयर देना होगा। जिस किसान के पास शेयर नहीं है कारखाना में गन्ना बेचना चाहते है वो सर्वे कराए उन्हें भी शेयर देने का मांग समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ ने रखा। कारखाना प्रबंधक श्री कौशिक ने कहा हम गन्ना आपूर्ति करने वाले सभी किसानों को शेयर प्रदान करेंगें, बताया कि अब सरदार वल्लभ भाई पटेल कारखाना कर्ज मुक्त हो गया है, गन्ना बेचने वाले किसानो को इस वर्ष कारखाना में गन्ना बेचने के बाद राशि के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ प्रतिनिधि मंडल बैठक में शामिल होने वाले किसान पंडरिया ब्लाक अध्यक्ष रंजीत साहू, कुण्डा अध्यक्ष सुभाष चंद्राकर, गन्ना मंत्री हरीश साहू, उपाध्यक्ष सोनू चंद्राकर, सचिव राजकुमार चंद्राकर, मुकेश साहू, भूपेंद साहू, ध्रुव चंद्राकर सहित क्षेत्र के ग्रामीण कृषक गण उपस्थित थें।

## ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी और हालचाल जाना

# सांसद ने पंडरिया व जोरा मंदिर में दर्शन व पूजा-अर्चना की



हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

सांसद संतोष पांडेय पंडरिया क्षेत्र के प्रवास पर रहे, वहीं उन्होने विभिन्न कार्यक्रम में शामिल हुए। सांसद पांडेय ने पंडरिया में मां महामाया मंदिर व जोरा मंदिर में दर्शन व विधि विधान से पूजा-अर्चना की गई। उन्होंने क्षेत्र सहित पूरे देश-प्रदेश के खुशहाली कि कामना की गई। तत्पश्चात सांसद संतोष पांडेय ने बम्हनदई मंदिर के भी दर्शन किए, यहां उपस्थित आसपास के ग्रामीणों से आए लोगों से मुलाकात की व उनकी समस्याएं सुनी तथा उनका हालचाल जाना।

सांसद श्री पांडेय पंडरिया नगर में नंदकिशोर यादव के निवास पहुंचकर उनकी दिवंगत माता को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। साथ ही नगर में स्वर्णा लेडीज ग्रुप द्वारा आयोजित गरबा गौरव उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे, पर्यावरण संरक्षण समिति सदस्यों को सम्मानित किया। साथ ही नगर में लगातार सफाई अभियान चलाने वाले मां महामाया सेवा समिति के सदस्यों को भी सम्मानित किया। उन्होंने दोनों समिति के सदस्यों के कार्यो की सराहना की। साथ ही साथ सांसद श्री पांडेय ने पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना, उनसे विभिन्न विषयों में चर्चा की। इसके अलावा सांसद पांडेय पाण्डातराई में मां महामाया मंदिर के दर्शन व पूजा-अर्चना की। तथा कुंजबिहारी गुप्ता, ब्रजेश गुप्ता के निवास पहुंचकर उनके दिवंगत परिजन को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के कार्यकर्ता जन सहित ग्रामीण उपस्थित थें।

# कुई-कुकदूर मंडल में सेवा पखवाड़ा व पं दीनदयाल उपाध्याय जयंती मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई कुकदूर

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के कुई-कुकदूर मंडल में सेवा पखवाड़ा के तहत पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत पं दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलन एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके विचारों को स्मरण करते हुए समाज और राष्ट्र सेवा के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर वक्ताओं ने पं दीनदयाल उपाध्याय के जीवन और उनके एकात्म मानववाद के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका दर्शन आज भी समाज को दिशा देने वाला है। कार्यक्रम के अंत में सेवा, संगठन और सामाजिक उत्थान को ही सच्ची श्रद्धांजलि मानते हुए सभी ने संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुई-कुकदूर मंडल अध्यक्ष बसंत वाटिया, महामंत्री दीपक सलूजा उपस्थित थें साथ ही रतिराम भट्ट, यशवंत श्रीवास, कृष्णा पनरिया, आनंद मरावी, योगेश्वर वर्मा, अजोरी, मुकेश कुम्भकार, राहुल यादव, विष्णु धुर्वे, बेदराम पटेल, आयुष तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता गण और ग्रामीणजन उपस्थित थें।

# मण्डल अध्यक्ष बने युगलकिशोर साहू, कार्यकर्ताओं में उत्साह




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

गत दिनों मंगलवार को रुर्बन ग्राम पंचायत कुण्डा में साहू समाज का बैठक जिला साहू संघ के निर्देशानुसार एवं तहसील साहू समाज पंडरिया के मार्गदर्शन में मण्डल परिक्षेत्र साहू संघ कुण्डा का चुनाव सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न किया गया। जिसमें चुनाव से पहले भक्त मां कर्मा की तैलचित्र पर फूल-माला और श्रीफल व आरती के पश्चात बैठक में उपस्थित पूर्व मण्डल अध्यक्ष लालाराम साहू द्वारा जोरदार उद्बोधन भाषण दिया गया। पूर्व मण्डल सचिव सुधाराम साहू द्वारा समाज को एक नई दिशा और बुलंदियों पर ले जाने समाज को प्रेरणा दाई व अनुकरणी बातें बताएं और पूर्व मण्डल सचिव लेखराज साहू द्वारा आभार प्रकट किया। इस गहमा-गहमी मण्डल चुनाव में मण्डल अध्यक्ष पद के लिए युगलकिशोर साहू (राजू), उपाध्यक्ष जूठेल साहू एवं महिला उपाध्यक्ष एवं सचिव पद पर भागवत साहू का चयन, कोषाध्यक्ष पिल्लूराम साहू, सभी वरिष्ट जन की उपस्थिति में शान्तिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हुआ। जिसमें तहसील साहू समाज द्वारा पर्यवेक्षक के रूप विष्णु साहू, गजपाल साहू, जवाहर साहू, श्रवण साहू पूर्व तहसील अध्यक्ष, धर्मराज साहू उपस्थिति थे।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक

Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़

पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कवर्धा सहित अंचल में झमाझम हो रही बारिश

**कवर्धा।** कवर्धा सहित अंचल में बीते दो दिनो से झमाझम बारिश देखने को मिल रही है। कवर्धा की बात की जाए तो यहां गुरूवार की सुबह भी झमाझम बारिश हुई वहीं देरशाम भी बादलों ने अचानक बरसना शुरू कर दिया। इसी प्रकार जिले के पहाड़ी और वनांचलों में इन दिनो झमाझम बारिश होने की जानकारी मिल रही है। जिसके कारण कई नदी नाले उफान मार रहे हैं। वहीं स्थानीय नदी नालों में जल स्तर बढ़ने से कुछ मार्ग भी आंशिक रूप से प्रभावित हुए हैं।

# उपमुख्यमंत्री सहित भाजपा पदाधिकारी पहुंचे व्यापारियों के बीच, जीएसटी बचत की सभी ने की सराहना

■ जीएसटी बचत उत्सव में आमजन और व्यापारियों ने साझा किए अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू किए गए जीएसटी रिफॉर्म 2.0 का असर अब सीधे आम जनता और व्यापार जगत पर दिखाई देने लगा है। वस्तुओं की कीमतों में कमी, कारोबार में सहजता और पारदर्शिता ने हर वर्ग को लाभान्वित किया है। इसी क्रम में जिला भाजपा द्वारा आज कवर्धा में जीएसटी बचत उत्सव का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता स्थानीय बाजार में पहुंचे और प्रतिष्ठित व्यापारिक प्रतिष्ठानों में जाकर ग्राहकों व व्यापारियों से संवाद किया। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, भाजपा जिला महामंत्री संतोष पटेल, जिला भाजपा उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, मंडल अध्यक्ष श्रीमती सतविंदर पाहुजा, राजेंद्र सलूजा और सुनील दोषी श्रीकांत उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर व्यापारी बंधुओं का गुलाब फूल देकर स्वागत और सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना केवल कर सुधार करना नहीं है, बल्कि जनजीवन में सीधा बदलाव लाना है।

जीएसटी रिफॉर्म्स ने आज हर घर को राहत दी है। यह बदलाव सिर्फ कागज पर नहीं, बल्कि लोगों की थाली में और दुकानों की रैक पर दिख रहा है।



### जिला अध्यक्ष ने बताई उपलब्धियां

जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने कहा श्री मोदी के नेतृत्व में लागू किए गए जीएसटी सुधारों से कर प्रणाली सरल और पारदर्शी हुई है। व्यापारियों के लिए प्रक्रियाएं आसान हुई हैं और जनता को अब सस्ते दामों पर आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध हो रही हैं। यह सुधार देश की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती दे रहे हैं।

### व्यापारियों और ग्राहकों की राय

कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों ने खुलकर अपनी राय रखी। उनका कहना था कि जीएसटी दरों में कटौती से वस्तुओं की कीमतों में स्पष्ट कमी आई है। अब ग्राहकों को दवाइयां, इलेक्ट्रॉनिक सामान, कपड़े और स्टेशनरी जैसी दैनिक उपयोग की वस्तुएं पहले की तुलना में सस्ते दामों पर मिल रही हैं। ग्राहकों ने बताया कि जीएसटी बचत उत्सव ने उन्हें यह समझने का अवसर दिया कि कैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सुधार सीधे उनकी जिंदगी को प्रभावित कर रहे हैं। लोगों ने इस पहल को आमजन और व्यापारी-हितैषी कदम बताया।

**प्रमुख प्रतिष्ठानों में लोगों से किया गया संवाद**

श्री मेडिकल, जनपद कॉम्पलेक्स के पास कवर्धा, मां दंतेश्वरी फोटो कपियर्स एंड स्टेशनरी मार्ट, बस स्टैंड कवर्धा, बग्गा जनरल स्टोर्स, कवर्धा, मुटरेजा रेडियो टाइम, कवर्धा (इलेक्ट्रॉनिक दुकान), इंडियन रेडीमेड कपड़ा दुकान, मेन मार्केट कवर्धा इन सभी प्रतिष्ठानों में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जाकर ग्राहकों व व्यापारियों से संवाद किया और मोदी सरकार के जीएसटी रिफॉर्म 2.0 से हुए बदलाव की जानकारी साझा की। भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि व्यापार देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और मोदी सरकार द्वारा किए गए सुधारों ने इस रीढ़ को और मजबूत किया है।

**प्रदर्शन:** एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर जिला कार्यालय का किया घेराव, सौंपा ज्ञापन

# गैंग रेप पीड़िता के लिए इंसाफ मांगने सड़क में उतरे आदिवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बीते मंगलवार को जिला मुख्यालय कवर्धा में एक आदिवासी युवति के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आने और इस इस घटना में संलिप्त आरोपियों की घटना के दो दिन बाद भी गिरफ्तारी नहीं होने को लेकर आदिवासी समाज के लोगों में खासी नाराजगी व आक्रोश देखने को मिल रहा है। इस बेहद गंभीर मामले को लेकर गुरूवार को आदिवासी समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में जिला मुख्यालय कवर्धा पहुंचकर समाज की सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता को इंसाफ देने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए उन्हें फांसी की सजा दिए जाने की मांग को लेकर न सिर्फ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया बल्कि जिला कार्यालय का घेराव कर अपनी मांगो से संबंधित ज्ञापन भी प्रशासन को सौंपा। उल्लेखनीय है कि बीते मंगलवार को आदिवासी समाज की एक युवति उस समय सामुहिक दुष्कर्म का शिकार हो गई थी जब वह जिला मुख्यालय कवर्धा में ही अपने एक साथी के साथ उसके घर पर ठहरी हुई थी। पीड़िता के मुताबिक इसी दौरान उसका अपने साथी के साथ विवाद हो गया। इसके बाद युवती अकेली घर से बाहर निकल आई, कुछ देर बाद उसका साथी भी वहां आ गया। इसी बीच युवक के जान-पहचान के कुछ लोग वहां पहुंचे और युवती और उसके साथी को अपने साथ ले गए। पीड़िता का आरोप है कि इसी दौरान उन्होने उसके साथ सामुहिक दुष्कर्म किया, जिसकी रपट पीड़िता द्वारा थाना में दर्ज कराई गई। बुधवार को यह घटना सार्वजनिक हो गई। आरोप है कि पुलिस प्रशासन घटना के दो दिन बाद भी दुष्कर्म के आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। जिसे देखते हुए ऐसा लगता है कि पुलिस जानबूझकर आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। इसी मामले को लेकर गुरूवार को आदिवासी समाज ने शासन-प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और बड़ी संख्या में समाज की महिला, पुरूष, युवा, युवतियों तथा बुजुर्गो ने कवर्धा पहुंचकर समाज की पीड़िता को इंसाफ दिलाने तथा दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर उन्हे फांसी की सजा दिलाए जाने की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना दिया। धरना प्रदर्शन के दौरान समाज के प्रमुखों ने आदिवासी बहु-बेटियों की सुरिक्षा को लेकर शासन-प्रशासन पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। धरना प्रदर्शन के बाद समाज के लोगों ने हांथों में अपनी मांगों से संबंधित बैनर, पोस्टर लेकर विशाल रैली निकाली और नारेबाजी करते हुए प्रमुख मार्गो में भ्रमण कर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा।

### घटना के दूसरे दिन भी आरोपियों का अतापता नहीं



कहने को जिला पुलिस प्रशासन के पास इस तरह के मामलों का सुलझाने और संबंधित अपराधियों तक पहुंचने के लिए तमाम संसाधन मौजूद हैं। हाल ही में जिला पुलिस प्रशासन को करोड़ों रूपए के शासकीय वाहन से लेकिन आधुनिक लैब की सौगात दी गई है। ताकि आपराधिक मामलों का तीव्रता से निराकरण हो सके और पीड़ितों को न्याय मिल सके। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि सामूहिक दुष्कर्म जैसे बेहद गंभीर मामले में भी पुलिस घटना के दो दिन बाद भी उन लोगों तक नहीं पहुंच पाई है जिन पर युवती द्वारा सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया गया है।

### आरोपियों की तलाश जारी

दूसरी तरफ पुलिस सूत्रों मुताबिक आरोपियों की लगातार तलाश की जा रही है। जानकारी के मुताबिक पुलिस प्रशासन घटना की जानकारी सामने आने के बाद से अब तक करीब साढ़े सात हजार मोबाईल नम्बर ट्रेस कर चुकी है वहीं करीब 250 सीसी टीबी कैमरे खंगाले जा चुके हैं साथ करीब दो सौ लोगों से पूछताछ की जा चुकी है।

# छीरपानी जलाशय में ओवरफ्लो फंसे चार ग्रामीणों को बचाया गया

## भोंदा गांव के पास बाढ़ में पुल क्षतिग्रस्त, राहत शिविरों में ठहराए गए लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कबीरधाम जिले के मैकल पर्वतीय क्षेत्रो में बीती रात हुई मूसलाधार बारिश से बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो गए। जिले का महत्वपूर्ण क्षीरपानी जलाशय जलभराव की अधिकतम क्षमता पर पहुंच गया और ओवरफ्लो की स्थिति बन गई। इसी दौरान देर रात घूमने गए चार ग्रामीण जलाशय के गहरे पानी में फंस गए। दूसरी ओर तारेगांव जंगल मार्ग पर ग्राम भोंदा के समीप पुल बाढ़ के तेज बहाव से क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे आसपास के कई गांवों का संपर्क बाधित हो गया और ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गईं। स्थिति की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने तत्काल जिला बाढ़ कंट्रोल कक्ष को सूचित किया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए जिला बाढ़ आपदा एवं प्रबंधन टीम में शामिल नगर सेना एवं एनडीआरएफ की संयुक्त टीम को तत्काल रवाना किया। टीम में नगर सेनानी, एनडीआरएफ के विशेषज्ञ जवान, जिला प्रशासन के अधिकारी तथा विभिन्न विभागों की रैपिड एक्शन टीमें शामिल थीं। सुबह 10 बजे संयुक्त दल घटनास्थल क्षीरपानी पहुंचा और राहत-बचाव अभियान प्रारंभ किया। एनडीआरएफ की ओर से नियुक्त आब्जर्वर एवं सेनानी सत्रहवीं वाहनी कमलेश्वर प्रसाद चंदेल, प्रभारी आपदा प्रबंधन एवं भू-अभिलेख डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, मॉकड्रिल की नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर सुश्री रुचि शार्दूल, बोड़ला एडीएम सागर सिंह, तहसीलदार सुश्री राजश्री पाण्डेय सहित स्वास्थ्य, खाद्य, वन, परिवहन, पशुधन और विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। कलेक्टर वर्मा ने स्वयं मौके पर पहुंचकर राहत कार्यों की मॉनिटरिंग की और अधिकारियों को त्वरित एवं समन्वित कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिले के पहाड़ी क्षेत्रों में हुई लगातार बारिश के कारण छीरपानी जलाशय का जलस्तर बढ़ गया था, जिससे 4 ग्रामीण फँस गए थे। वहीं ग्राम भोंदा के क्षतिग्रस्त पुल के उस पार कई ग्रामीण अलग-थलग हो गए थे। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन दल सक्रिय हुए और सभी ग्रामीणों को सुरक्षित निकाल लिया गया। राहत शिविरों में प्रभावित ग्रामीणों को ठहराने की व्यवस्था की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जल से बाहर निकाले गए चारों ग्रामीणों का प्राथमिक उपचार किया और बेहतर इलाज के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रवाना किया। इसके अलावा बाढ़ प्रभावित परिवारों को राशन एवं आवश्यक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जिले में अचानक आई इस स्थिति से निपटने के लिए की गई पूरी कार्यवाही एक सफल मॉकड्रिल साबित हुई है। इस मॉकड्रिल ने यह साबित किया कि आपदा जैसी किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन और सभी विभागीय टीमें पूर्णतः सक्षम और तैयार हैं। उन्होंने संयुक्त दलों द्वारा दिखाए गए साहस और समन्वय की सराहना की।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत छिरहा में कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शासकीय हाई स्कूल छिरहा में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर श्रमदान करते हुए स्कूल परिसर तथा आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई किया। श्रमदान के बाद सभी ने स्वच्छता बनाए रखने की शपथ लिया। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा एक राष्ट्रव्यापी पहल है जिसका मुख्य उद्देश्य समाज के सभी वर्गों में स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### एटीएल में विद्यार्थी सीख रहे नवाचार



**बोड़ला।** पीएम श्री सेजेस बोड़ला में विद्यार्थियों के लिए विज्ञान एवं तकनीक आधारित नवाचार कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला पिछले 6 दिनों से प्राचार्य अश्वनी सोनी एवं प्रभारी रवि वर्मा के मार्गदर्शन में संचालित हो रही है। इस कार्यशाला का संचालन अटल टिंकरिंग लैब के अंतर्गत किया जा रहा है, जो भारत सरकार के अटल नवाचार मिशन की महत्वाकांक्षी पहल है। एटीएल का उद्देश्य देशभर के छात्रों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और समस्या-समाधान की क्षमता को विकसित करना है। बोड़ला एवं आसपास के विद्यार्थी अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान हेतु नवाचार आधारित प्रोजेक्ट्स तैयार कर रहे हैं। इनमें पावर ट्रांसमिशन मॉडल, स्मार्ट व्हीलचेयर, काउंटिंग एवं इलेक्ट्रिसिटी सेविंग डिवाइस, जेबरा क्रॉसिंग रोड सेफ्टी सिस्टम, दुर्घटना नियंत्रक जीपीएस तकनीक तथा काउंटिंग और अलर्ट सिस्टम जैसे प्रोजेक्ट शामिल हैं। प्राचार्य ने बताया कि एटीएल में विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, थ्री डी प्रिंटिंग और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रयोगशाला में उपलब्ध इलेक्ट्रॉनिक किट्स, सर्किट बोर्ड, सेंसर और माइक्रोकंट्रोलर से छात्र स्वयं प्रयोग कर अपने नए विचारों को साकार कर रहे हैं। एटीएल का उद्देश्य युवाओं में जिज्ञासा को प्रोत्साहित करना, उद्यमशीलता को बढ़ावा देना और भविष्य के लिए तैयार करना है। इस पहल से मेड इन इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसे राष्ट्रीय अभियानों को भी नई गति मिल रही है।

# एक ही दिन में गर्मी, बारिश और ठंड, सेहत पर पड़ रहा असर

## दिन में कई बार गिरगिट की तरह रंग बदल रहा अंचल का मौसम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

इन दिनों कवर्धा सहित पूरे अंचल का मौसम कुछ अलग ही रंग दिखा रहा है। एक ही दिन में लोगों को तीनों ऋतुओं का अहसास हो रहा है। सुबह कभी तेज धूप तो कभी बारिश, दोपहर में कभी अचानक बारिश तो तेज धूप और रात में हल्की ठंड। मौसम का यह बदला-बदला मिजाज लोगों को जहां एक ओर अचरज में डाल रहा है, वहीं इसका असर सेहत पर भी साफ नजर आ रहा है। दिन की शुरुआत जहां तेज धूप और उमस के बीच बारिश के साथ होती है, वहीं दोपहर होते-होते अचानक बादल घिर आते हैं और झमाझम बारिश शुरू हो जाती है। बारिश के बाद मौसम में ठंडक आ जाती है और रात में तापमान गिरने लगता है, जिससे लोगों को हल्की सर्दी का अनुभव होता है। यह सब कुछ एक ही दिन में हो रहा है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि ऐसे मौसम में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। सुबह और रात के समय हल्के गर्म कपड़े पहनने की सलाह दी जा रही है। भीगने से बचें और घर आने के बाद साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। इसके अलावा संतुलित आहार और पर्याप्त नींद लेना भी जरूरी है, ताकि शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बनी रहे। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी ऐसे ही उतार-चढ़ाव वाले मौसम की चेतावनी दी है। लिहाजा, जरूरी है कि लोग सजग रहें और स्वास्थ्य संबंधी लक्षणों को नजरअंदाज न करें।

### खेती के लिए फायदेमंद

मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि यह मौसमी उतार-चढ़ाव मानसून के अंतिम दौर की विशेषता है। खेती किसानी के लिहाज से यह मौसम लाभकारी माना जा रहा है। समय-समय पर हो रही बारिश से खेतों में नमी बनी हुई है और फसलों को इससे लाभ मिल रहा है। किसान भी इस मौसम से संतुष्ट नजर आ रहे हैं। हालांकि, मौसम के इस बदलते रूप का लोगों की सेहत पर विपरीत असर पड़ रहा है। अस्पतालों और निजी क्लीनिकों में सर्दी, खांसी, बुखार, गले में खराश और बदन दर्द जैसी शिकायतों के साथ मरीजों की संख्या बढ़ रही है। डॉक्टरों का कहना है कि मौसम में अचानक हो रहे बदलाव के कारण शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो रही है, जिससे वायरल संक्रमण तेजी से फैल रहा है।

**बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सरकार की पहली प्राथमिकताः उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा**

# उपमुख्यमंत्री ने आधुनिक सोनोग्राफी मशीन का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला



कबीरधाम जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं का व्यापक विस्तार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार द्वारा जिले के शहरी और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ला में आधुनिक सोनोग्राफी मशीन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। सोनोग्राफी मशीन के शुभारंभ होने से न केवल बोड़ला विकासखंड बल्कि आसपास के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को स्थानीय स्तर पर जांच की सुविधा प्राप्त होगी। इससे उन्हें जिला मुख्यालय या अन्य स्थानों पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशीराम, नितेश अग्रवाल, मनीराम साहू सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना हमारी सरकार का मुख्य लक्ष्य है। बोड़ला जैसे अंचलों में अत्याधुनिक जांच सुविधाएँ उपलब्ध होने से आमजन को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। बोड़ला विकासखंड में सोनोग्राफी मशीन के शुभारंभ से 123 ग्राम पंचायतों और 317 गांवों में रहने वाले लगभग 2 लाख 11 हजार 35 नागरिकों को लाभ मिलेगा। इसमें 6717 बैगा परिवार भी शामिल हैं, जिनकी कुल आबादी 29,586 है। क्षेत्र में 512 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रही हैं और 535 मितानीन सेवाएँ दे रही है। बोड़ला विकासखंड में 6 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 3 उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा और बढ़ेगा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा रक्तदान शिविर में भी शामिल हुए। उन्होंने स्वयं रक्तदाताओं से मुलाकात कर उन्हें प्रोत्साहित किया और कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त कई जिंदगियाँ बचाने में सहायक होता है। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने का आह्वान किया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर मेडिकल कॉलेजों तक अधोसंरचना को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में कबीरधाम जिला स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में एक आदर्श मॉडल के रूप में विकसित होगा।

# रासेयो ने मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला



शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, बोड़ला में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस का आयोजन बड़े ही उत्साह और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ किया गया। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय परिवार एवं स्वयं सेवकों द्वारा कई सामाजिक एवं सेवा-उन्मुख गतिविधियां संपन्न की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता जागरूकता रैली से हुई, जिसमें स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय परिसर से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला तक स्वच्छता का संदेश दिया। परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, स्वयं सेवकों ने चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को फल एवं बिस्कुट का वितरण कर सेवा भावना का परिचय दिया। इसके पश्चात नगर के मुख्य मार्गों, शासकीय भवनों, पुलिस थाना एवं बाजार क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में लगभग 25 किलो पॉलिथीन एवं कचरा एकत्रित किया गया और आम नागरिकों से नगर को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की गई। कार्यक्रम के तीसरे चरण में महाविद्यालय के लगभग 10 विद्यार्थियों ने चिकित्सालय में रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की तथा अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया। अंतिम चरण में महाविद्यालय में बी एव सी प्रमाण पत्र प्राप्त स्वयं सेवकों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इसके उपरांत संगोष्ठी का आयोजन की गई जिसमें प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी उमेश पाठक ने एनएसएस के उद्देश्यों और कार्यों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्र सेवा के लिए सदैव समर्पित रहने का आह्वान किया। आयोजन में सहायक प्राध्यापक राकेश गौतम, योगेश ध्रुव, एनएसएस सहायक अधिकारी अन्नपूर्णा शर्मा, कोमल मिश्रा, प्रिया राठौर, वसुमित्र शुक्ला तथा वरिष्ठ स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

# दशहरा पर्व : असीस के गीतों से गूंजेगा म्युनिसिप्पल स्कूल मैदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



विजयादशमी पर्व के मौके पर इस वर्ष भी म्युनिस्पिल स्कूल मैदान में भव्य आयोजन होने जा रहा है। छत्तीसगढ़ जनमहोत्सव समिति द्वारा आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में इस बार मुंबई की असीस कौर अपनी शानदार प्रस्तुति देने राजनांदगांव पहुंच रही है। आयोजन समिति ने कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने के लिए समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें छत्तीसगढ़ जनमहोत्सव समिति के प्रमुख सदस्यों ने पिछले अनुभवों के आधार पर विजयादशमी महोत्सव को और बेहतर बनाने अपने सुझाव दिए।

आयोजन समिति के अध्यक्ष सौरभ कोठारी ने बताया कि बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक विजयादशमी पर्व को धूमधाम से मनाने छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति द्वारा इस बार व्यापक तैयारियां की जा रही है। उन्होंने बताया कि आयोजन का यह शानदार 18वां वर्ष है। श्री कोठारी ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देने मुंबई से असीस कौर आ रही है। कौर पहली बार कपूर एंड संस के रोमांटिक हिट गाने बोलना से सुर्खियों में आई थी। इसके बाद उन्होंने हिंदी, पंजाबी और हरियाणवी भाषा में कई सुपरहीट गाने दिए।

बताया गया कि कौर ने पांच साल की उम्र से ही संगीत की दुनिया में कदम रख दिया था। वह गुरबानी और सूफी परंपराओं में निहित एक संगीतमय रूप से समृद्ध परिवार से तालुकात रखती है। संगीत की दुनिया में अपना कदम बढ़ाते उन्होंने खुद को लाइव कलाकार के रूप में प्रतिष्ठित किया और धीरे-धीरे विश्व विख्यात हो गई। कौर लंदन में प्रतिष्ठित एरिना, दुबई एक्सपो और दुबई में कोका कोला एरिना में अपनी आवाज की जादू का जलवा बिखेर चुकी है और अपनी स्वर की कला का लोहा मनवा चुकी है। उनके कुछ फेमस ट्रैक जैसे वे माही (केसरी), आंख लड़ जावे (लवयात्री), तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया (टाइटल ट्रैक), मखना (ड्राइव) और उनका हालिया हिट इश्क में (नादानियां) शामिल हैं। इन गांनों का युवाओं के बीच अलग ही क्रेज है। असीस ने अपनी आवाज से धार्मिक और भक्ति संगीत को भी धार दी है। जिसमें सतनाम वाहेगुरु, कृष्णा तेरी हो गई जैसे गाने और शबद (पंजाबी आध्यात्मिक मंत्र) शामिल हैं।

### 61 फीट का रावण होगा आकर्षक

सौरभ कोठारी ने बताया कि कार्यक्रम में मुंबई के आतिशबाजों की टीम इस वर्ष भी बेहतरीन नयनाभिराम, रोमांचक आकाशीय आतिशबाजी का प्रदर्शन करेंगे। खास बात यह है कि आतिशबाजी में इस बार एआई तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। वहीं विजयादशमी महोत्सव का विशेष आकर्षण लगभग 61 फीट का आकर्षक रावण होगा।

### लगाए जा रहे सीसीटीवी कैमरे

समिति के मीडिया प्रभारी विनय बिंदल, अजय सोनी, रघु शर्मा एवं मुकेश शर्मा के अनुसार दर्शकों की सुविधा के लिए प्रतिवर्षानुसार आमंत्रण पत्र व निःशुल्क पास वितरित किए जाएंगे। इस वर्ष कुर्सियों की संख्या बढ़ाई जा रही है। वहीं ट्रैफिक व्यवस्था को ध्यान में रखते पास में गेट नंबर अंकित किए जाएंगे। इसके अलावा दर्शकों को फैमिली पास में परिवार के साथ ही प्रवेश दिया जाएगा। दर्शकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते कार्यक्रम स्थल एवं प्रवेश द्वारों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जा रहे हैं।

## दाई बमलाई पंचमी भेट आज

**राजनांदगांव।** लंबे समय से चली आ रही परंपरा के अनुसार गोंडवाना गोंड समाज डोंगरगढ़ द्वारा आज दाई बमलाई पंचमी भेंट का आयोजन प्राचीन बूढ़ादेव गुफा से गढ़ की दाई बमलाई तक किया जा रहा है। इसकी शुरूआत आज दोपहर तीन बजे होगी। गोंडवाना गोंड समाज ने लोगों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है।




## दिन की तुलना में रात के समय अधिक भीड़

# डोंगरगढ़ की ट्रेनों में यात्रियों की भीड़, रोज बुक हो रहे हजारों टिकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवरात्रि पर मां बम्लेश्वरी के दरबार में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। पहले दिन से ही बड़ी संख्या में लोग रोजाना डोंगरगढ़ पहुंच रहे हैं। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए दर्जन से अधिक ट्रेनों का परिचालन दिनभर में डोंगरगढ़ के लिए किया है। इसके बावजूद भीड़ कम नहीं हो रही है।

आलम यह है कि ट्रेन से डोंगरगढ़ जाने के लिए यात्रियों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। माता के दर्शन के लिए भीड़ में धक्के खाते हुए लोग सफर करने को मजबूर हैं। स्टेशन पर सुबह 7 से रात 9 बजे तक हर एक से दो घंटे के बीच यात्रियों को डोंगरगढ़ के लिए ट्रेन की सुविधा मिल रही है।



### ट्रेनों में ठसाठस भीड़

नवरात्रि के दूसरे दिन से ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। हावड़ा रूट की ट्रेनों में बिलासपुर की ओर सबसे ज्यादा दबाव देखा गया। वहीं नागपुर रूट की ट्रेनों में डोंगरगढ़ जाने वाले यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। दिन के समय लोकल ट्रेनों में भीड़ सामान्य है, लेकिन रात में अधिक है। पंचमी से यह भीड़ और ज्यादा बढ़ने की संभावना है। वंदेभारत एक्सप्रेस में भी वेटिंग शुरू हो चुकी है। यात्री डोंगरगढ़ के लिए अब पहले से टिकट खरीद रहे हैं।

### स्टेशनों में बढ़ाई गई सुविधाएं

राजनांदगांव और डोंगरगढ़ के आसपास के स्टेशनों से बड़ी संख्या में हर दिन लोग माता के दरबार में पहुंच रहे हैं। ऐसे में ट्रेनों में देवी दर्शन करने वालों की भीड़ दोगुना से ज्यादा बढ़ गई है। इसे देखते हुए स्टेशन में अलग शिफ्टों में सुरक्षा जवानों को प्लेटफार्म और स्टेशन परिसर में तैनात किया गया है। डोंगरगढ़ मेले के दौरान रायपुर स्टेशन में सुविधाएं बढ़ाई गई है। स्टेशनों में मेले के दौरान यात्रियों के लिए आकस्मिक चिकित्सा के लिए बॉक्स, डॉक्टर, ड्रेसर, एम्बुलेंस, व्हील चेयर, स्ट्रेचर आदि की व्यवस्था भी की गई है।

### ट्रेनों में वेटिंग 80 से 100 के बीच

पिछले दो दिनों में ट्रेनों में सर्वाधिक भीड़ देखने को मिली। डोंगरगढ़ से भी वापसी में यात्रियों को भारी भीड़ का सामना करना पड़ रहा है। एक्सप्रेस ट्रेन में यात्री कंफर्म सीट के लिए रिजर्वेशन करा रहे हैं, लेकिन ज्यादातर ट्रेनों में वेटिंग से 100 के बीच है। वंदे भारत में नवरात्रि के अवसर पर डोंगरगढ़ जाने के लिए काफी यात्री मिल रहे हैं।

### पूजा स्पेशल की सुविधा

नवरात्रि, दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व पर पूजा स्पेशल मेमू ट्रेन (06883/06884) का परिचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 06884 पूजा स्पेशल मेमू ट्रेन कोरबा से प्रतिदिन 25 सितंबर से 03 अक्टूबर तक सुबह 05.30 बजे प्रस्थान कर दोपहर 14.21 बजे डोंगरगढ़ पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 06883 पूजा स्पेशल मेमू ट्रेन नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी से प्रतिदिन 25 सितंबर से 03 अक्टूबर 2025 तक प्रातः 05.00 बजे प्रस्थान कर 09.50 बजे डोंगरगढ़ पहुंचेगी।

## युवक से लूट, चाकू की नोक पर छीना चैन और नगदी

■ मनगटा वन चेतना घूमने गया युवक लूट का शिकार

**राजनांदगांव।** सोमनी के मनगटा स्थित वन चेता केंद्र घूमने गए एक युवक से चाकू की नोक पर लूट का मामला सामने आया है। युवक से आरोपियों ने चाकू दिखाकर चांदी की चैन, दो मोबाइल सहित नगद रकम लूट ली है। शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हालांकि बीच रास्ते में हुई घटना के चलते सीसीटीवी फुटेज मिलने में दिक्कते आ सकती है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी युवक रवि कुमार वर्मा निवासी ग्राम फत्तेपुर थाना ठेलकाडीह ने शिकायत दर्ज कराया है कि वह बाइक में सवार होकर मनगटा वनचेतना केन्द्र घूमने आया था। चेतना केन्द्र में घूमकर वह वापस अपने घर लौट रहा था। इस दौरान मरसपोटा धाम ग्राम झुरडबरी के पास दोपहर 1.30 बजे पीछे से दो बाइक में सवार चार अज्ञात लोग पहुंचे और प्रार्थी के बाइक को रोककर उसके गले में चाकू टिका दिए। इस दौरान आरोपियों ने प्रार्थी से रकम की मांग करने लगे। इसके बाद जान से मारने की धमका देकर प्रार्थी रवि कुमार के जेब से पर्स में रखे 1700 रुपए नगदी, दो नग मोबाइल और गले में पहने चांदी के चैन, हाथ में पहने घड़ी सहित अन्य सामान लूट कर मौके से फरार हो गए। पुलिस आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में जुटी है।







